प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792



कर्नाटक- डीके शिवकुमार को करना होगा अभी और इंतज़ार पेज- 2

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in

पेज-6 ट्रायल मैच के लिए करें आवेदन

वर्ष : 15 अंक : 29 | शनिवार 17 जनवरी, 2026 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रूपया

# स्टार्टअप इंडिया के 10 साल पूरे

## प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- स्टार्टअप्स देश की अर्थव्यवस्था और समाज के भविष्य के इंजन

(एजेंसी) नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को स्टार्टअप इंडिया पहल के 10 साल पूरे होने पर सभी को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप बदलाव के ऐसे इंजन हैं जो हमारी अर्थव्यवस्था और समाज के भविष्य को आकार दे रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के मौके पर स्टार्टअप की दुनिया से जुड़े सभी लोगों को बहुत–बहुत शुभकामनाएं। आज का दिन खास है, क्योंकि आज स्टार्टअप इंडिया की शुरुआत को एक दशक पूरा हो गया है। यह दिन हमारे लोगों, खासकर हमारे युवाओं की हिम्मत, इनोवेशन की भावना और एंटरप्रेन्योरशिप के जज्बे का जश्न मनाने का है, जिन्होंने ग्लोबल स्टार्टअप इकोसिस्टम में भारत की तरक्की को आगे बढ़ाया है। पीएम मोदी ने आगे लिखा, स्टार्टअप बदलाव के ऐसे इंजन




हैं जो हमारी अर्थव्यवस्था और समाज के भविष्य को आकार दे रहे हैं। वे एक ओर जहां हमारे ग्रह के सामने मौजूद चुनौतियों का समाधान कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर लोगों के लिए नए अवसर भी सृजित कर रहे हैं। मुझे हर उस इंसान पर गर्व है जिसने बड़े सपने देखने की हिम्मत की, पुराने तौर–तरीकों को चुनौती दी, जोखिम उठाए और अपने स्टार्टअप्स के जरिए एक बड़ा बदलाव लाया। उन्होंने कहा कि सरकार भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम को और मजबूत बनाने के लिए सभी स्टेकहोल्डर्स के साथ काम कर रही है। भारत ने जो श्रिफॉर्म एक्सप्रेस शुरूश की है, उसने स्टार्टअप्स के लिए अंतरिक्ष और रक्षा जैसे पहले अकल्पनीय क्षेत्रों में कदम रखने का बहुत अच्छा माहौल बनाया है, जिनके बारे में पहले सोचा भी नहीं जा सकता था। मुझे गर्व है कि हमारे स्टार्टअप श्आत्मनिर्भर भारतश बनाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। हम अपने उन युवाओं को सपोर्ट करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो जोखिम लेना चाहते हैं और समस्याओं का समाधान करने वाले बनना चाहते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने एक अन्य पोस्ट में लिखा, यह दिन उन मेंटर्स, इनक्यूबेटर्स, निवेशकों, शैक्षणिक संस्थानों और अन्य सहयोगियों को भी मान्यता देने का अवसर है, जो स्टार्टअप्स का समर्थन करते हैं। उनका सहयोग और जानकारी हमारे युवाओं को इनोवेशन करने और विकास में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करने में बहुत काम आती है। इस अवसर पर सुभाषित में पीएम मोदी ने लिखा, अपने दृढ़ संकल्प और समर्पण से हमारे युवा साथी स्टार्टअप की दुनिया में नित–नए रिकॉर्ड बना रहे हैं। इनका जोश और जुनून विकसित भारत के सपने को साकार करने में सबसे बड़ी शक्ति बनने वाला है। बता दें कि स्टार्टअप इंडिया भारत सरकार की एक प्रमुख पहल है, जिसे 16 जनवरी 2016 को उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के तहत लॉन्च किया गया था। स्टार्टअप्स के भारत की जीडीपी में योगदान को मान्यता देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने 2022 में आधिकारिक तौर पर राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस मनाने की घोषणा की थी।

## राहुल गांधी को इंदौर में सम्मेलन की नहीं मिली इजाजत, प्रशासन ने कहा, नो, सरकार पर बरसे जीतू पटवारी

(एजेंसी) इंदौर। इंदौर के भागीरथपुरा इलाके में दूषित पेयजल से उल्टी–दस्त प्रकोप के कारण कई लोगों की मौत के बाद लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी शनिवार को शहर के पीड़ित परिवारों और मरीजों से मुलाकात करेंगे। कांग्रेस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने संवाददाताओं से बातचीत में दावा किया कि भागीरथपुरा में दूषित पेयजल से अब तक 24 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि आठ से 10 मरीजों की हालत बेहद गंभीर है। उन्होंने बताया कि गांधी शनिवार को इंदौर पहुंचकर निजी क्षेत्र के बॉम्बे हॉस्पिटल जाएंगे और उल्टी–दस्त के प्रकोप के कारण भर्ती मरीजों से मिलकर उनका हाल जानेंगे। पटवारी ने बताया कि पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष भागीरथपुरा भी पहुंचेंगे और पीड़ित परिवारों से मुलाकात करके उनके प्रति शोक संवेदनाएं व्यक्त करेंगे। उन्होंने कहा, "हम दूषित पेयजल की समस्या के समाधान पर सकारात्मक चर्चा के लिए गांधी की मौजूदगी में बुद्धिजीवियों, पर्यावरणविदों और राज्य भर के नगर निगम पार्षदों का एक सम्मेलन आयोजित करना चाहते थे, लेकिन हमें प्रशासन ने



इस आयोजन की अनुमति नहीं दी। इसलिए हम बाद में यह सम्मेलन आयोजित करेंगे। पटवारी ने दावा किया कि पूरे प्रदेश में 70 प्रतिशत पानी दूषित होने के कारण पीने योग्य नहीं है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने दूषित पेयजल को 'धीमा जहर करार देते हुए दावा किया कि इससे लोगों की किडनी और अन्य अंगों को गंभीर नुकसान पहुंच रहा है। पटवारी ने संस्कृत की मशहूर कहावत 'विनाश काले विपरीत बुद्धि का हवाला देते हुए प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार पर निशाना साधा और कहा, इंदौर में दूषित पेयजल से कई लोगों की मौत के बावजूद राज्य के मंत्री भव्य आयोजनों में व्यस्त हैं और वे हमें गालियां देकर कह रहे हैं कि हम इस घटना को लेकर सवाल क्यों उठा रहे हैं? बता दें कि शहर के भागीरथपुरा इलाके में दूषित पेयजल से लोगों के बीमार पड़ने का सिलसिला दिसंबर के आखिर में शुरू हुआ था। स्थानीय नागरिकों ने इस प्रकोप में अब तक 24 लोगों के दम तोड़ने का दावा किया है। मृतकों के आंकड़े को लेकर विरोधाभासी दावों के बीच राज्य सरकार ने मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ में बृहस्पतिवार को पेश स्थिति रिपोर्ट में भागीरथपुरा में उल्टी–दस्त प्रकोप के दौरान पांच माह के बालक समेत सात लोगों की मौत का जिक्र किया है। इस बीच, शहर के शासकीय महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय की एक समिति के किए गए डेथ ऑडिट की रिपोर्ट में संकेत दिया गया है कि भागीरथपुरा के 15 लोगों की मौत इस प्रकोप से किसी न किसी तरह जुड़ी हो सकती है।

## ममता बनर्जी का चुनाव आयोग पर बड़ा आरोप, बोलीं- बंगाल में अल्पसंख्यक वोटरों को बनाया जा रहा निशाना

(एजेंसी) कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग (ईसीआई) पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने



कहा कि राज्य में चल रहे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के दौरान अल्पसंख्यक समुदाय के वोटरों को जानबूझकर मतदाता सूची से हटाने की कोशिश की जा रही है। शुक्रवार को कोलकाता एयरपोर्ट पर मीडिया से बात करते हुए ममता बनर्जी ने दावा किया कि अल्पसंख्यक बहुल मालदा जिले में करीब 90 हजार वोटरों के नाम अंतिम मतदाता सूची से हटाए जाने पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक समुदाय की शिकायत पूरी तरह जायज है, क्योंकि सबसे ज्यादा निशाना उन्हीं के वोटरों को बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि सिर्फ अल्पसंख्यक ही नहीं, बल्कि मतुआ, राजवंशी और आदिवासी जैसे पिछड़े वर्गों के वोटरों को भी इस प्रक्रिया में परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हालात ऐसे हैं कि मशहूर हस्तियों तक के नाम सूची से हटाने की बात सामने आ रही है। ममता बनर्जी के अनुसार, अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन और प्रसिद्ध कवि जय गोस्वामी जैसे लोगों के नाम भी इसमें शामिल बताए जा रहे हैं। ममता बनर्जी शुक्रवार को उत्तर बंगाल रवाना होने से पहले यह बयान दे रही थीं। वह दार्जिलिंग जिले के माटीगाड़ा– नक्सलबाड़ी इलाके में महाकाल मंदिर का उद्घाटन करने वाली हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा इलाके में चल रहे तनाव पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। यह तनाव एक प्रवासी मजदूर के शव के लौटने के बाद शुरू हुआ है, जिसकी कथित तौर पर झारखंड में हत्या कर दी गई थी। ममता बनर्जी ने कहा कि बेलडांगा में लोगों को भड़काने के पीछे कौन है, यह सब जानते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में जानबूझकर हिंसा फैलाने की कोशिश हो रही है और इसके पीछे भाजपा का हाथ है। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि इस पूरे मामले में केंद्रीय एजेंसियों का भी दुरुपयोग किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि पश्चिम बंगाल के प्रवासी मजदूरों को भाजपा शासित राज्यों में खास तौर पर निशाना बनाया जा रहा है और वहां उनकी हत्याएं तक हो रही हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार ऐसे मामलों पर नजर रखे हुए है और पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है।

# ट्रंप को मिला मारिया कोरीना माचाडो का नोबेल शांति मेडल

## वेनेजुएला विपक्ष की सियासी चाल या प्रतीकात्मक समर्थन?

(एजेंसी) वाशिंगटन। वाशिंगटन डीसी में व्हाइट हाउस के अंदर एक ऐतिहासिक मुलाकात हुई, जहां वेनेजुएला की प्रमुख विपक्षी नेता मारिया कोरीना माचाडो ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अपना नोबेल शांति पुरस्कार का मेडल सौंप दिया। यह कदम राजनीतिक गलियारों में काफी चर्चा का विषय बन गया है, खासकर तब जब हाल के महीनों में ट्रंप ने माचाडो के प्रति अपना रुख नरम करते हुए उनके वेनेजुएला में नेतृत्व की संभावनाओं पर सवाल उठाए थे। मुलाकात के तुरंत बाद ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर पोस्ट करते हुए लिखा, "मारिया कोरीना ने मुझे अपना नोबेल शांति पुरस्कार का मेडल भेंट किया। यह मेरे लिए बेहद सम्मान की बात है।" उन्होंने माचाडो को "बहुत बहादुर और शानदार महिला" करार देते हुए कहा कि उन्होंने जीवन में बहुत सारी मुश्किलें झेली हैं, लेकिन हार नहीं मानी। नोबेल संस्थान ने स्पष्ट किया है कि पुरस्कार विजेता अपना मेडल या




प्रमाण–पत्र किसी अन्य व्यक्ति को स्थायी रूप से हस्तांतरित नहीं कर सकता। इसलिए यह भेंट पूरी तरह प्रतीकात्मक है। फिर भी, इस कदम को माचाडो की तरफ से ट्रंप को वेनेजुएला के लोकतंत्र के मुद्दे पर फिर से जोड़ने की एक रणनीतिक कोशिश माना जा रहा है। व्हाइट हाउस सूत्रों के अनुसार, ट्रंप इस मेडल को अपने निजी संग्रह में रख सकते हैं। व्हाइट हाउस से निकलते समय माचाडो ने मीडिया से कहा, "मैंने अमेरिका के राष्ट्रपति को नोबेल शांति पुरस्कार का मेडल सौंपा है। यह उनके वेनेजुएला की आजादी और लोकतंत्र के लिए दिए गए विशेष योगदान की मान्यता है।" इसके बाद वे कैपिटल हिल पहुंचीं, जहां उन्होंने अमेरिकी सांसदों से मुलाकात की। हाल ही में ट्रंप ने वेनेजुएला के लोकतांत्रिक संकट पर अपनी चुप्पी तोड़ी, लेकिन उन्होंने स्पष्ट रूप से माचाडो को भविष्य का नेता मानने से इनकार कर दिया। उनका कहना था कि माचाडो को देश के अंदर पर्याप्त समर्थन नहीं है और वहां चुनाव कब होंगे, इस पर भी कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया। इससे पहले ट्रंप ने संकेत दिए थे कि वे निकोलस मादुरो के करीबी कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रीगेज के साथ बातचीत के लिए तैयार हैं। 2024 के विवादित राष्ट्रपति चुनाव में माचाडो की पार्टी को व्यापक समर्थन मिलने का दावा किया गया था, लेकिन मादुरो ने परिणामों को खारिज कर दिया। इसके बाद माचाडो को लगभग 11 महीने तक वेनेजुएला में छिपकर रहना पड़ा। पिछले महीने वे नॉर्वे पहुंचीं, जहां उनकी बेटी ने उनकी ओर से नोबेल शांति पुरस्कार ग्रहण किया। वाशिंगटन यात्रा से पहले वे लंबे समय तक सार्वजनिक रूप से नजर नहीं आई थीं। मुलाकात के बाद माचाडो व्हाइट हाउस के बाहर अपने समर्थकों से मिलीं। उन्होंने कई लोगों को गले लगाया और कहा, "हम राष्ट्रपति ट्रंप पर भरोसा कर सकते हैं।" समर्थकों ने "थैंक यू ट्रंप" के नारे लगाए, जिससे माहौल और भी भावुक हो गया। यह मुलाकात वेनेजुएला के संकट को लेकर अमेरिकी नीति में संभावित बदलाव का संकेत दे सकती है, लेकिन फिलहाल यह पूरी तरह प्रतीकात्मक कदम ही लग रहा है। माचाडो की यह कोशिश ट्रंप को दोबारा वेनेजुएला के लोकतंत्र के पक्ष में लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास मानी जा रही है।

## ग्लोबल बाजार में थमी सोने और चांदी की कीमतें

(एजेंसी) नयी दिल्ली। चांदी के वायदा भाव में पांच सत्र की रिकॉर्ड तोड़ तेजी शुक्रवार को समाप्त हो गई और यह 4,027 रुपये टूटकर 2,87,550 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। वहीं सोने की कीमतें घटकर 1,42,601 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। निवेशकों का कमजोर वैश्विक रुझानों और मजबूत अमेरिकी डॉलर के मद्देनजर मुनाफावसूली करना इसकी मुख्य वजह रही। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर मार्च में आपूर्ति वाले चांदी के अनुबंधों की कीमत 4,027 रुपये या 1.38 प्रतिशत टूटकर 2,87,550 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। इसमें 9,890 लॉट का कारोबार हुआ। चांदी का भाव बृहस्पतिवार को 2,92,960 प्रति किलोग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। एमसीएक्स पर फरवरी में आपूर्ति वाले सोने के अनुबंधों का वायदा भाव में 520 रुपये या 0.36



प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,42,601 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। इसमें 14,194 लॉट के लिए कारोबार हुआ। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, एशियाई कारोबार के दौरान चांदी और सोने दोनों की कीमतों में गिरावट आई। वैश्विक स्तर पर कॉमेक्स बाजार में मार्च में आपूर्ति वाले चांदी के अनुबंधों की कीमत 1.93 अमेरिकी डॉलर या 2.10 प्रतिशत टूटकर 90.41 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस हो गई। बुधवार को यह 93.56 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थी। दूसरी ओर, फरवरी में आपूर्ति वाले सोने के वायदा भाव में भी 21.9 अमेरिकी डॉलर या 0.47 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 4,601.8 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। 14 जनवरी को सोने का भाव 4,650.50 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस का सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। फरवरी में आपूर्ति वाले सोने की कीमत 15.26 अमेरिकी डॉलर या 0.33 प्रतिशत घटकर 4,599.44 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस हो गई। वहीं मार्च में आपूर्ति वाले अनुबंधों के लिए चांदी की कीमत मामूली बढ़त के साथ 85.20 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस रही।

## महाराष्ट्र निकाय चुनाव में महाविजय के बाद बीजेपी का विपक्ष पर हमला, सुधांशु त्रिवेदी बोले-इंडिया गठबंधन का अस्तित्व खत्म

(एजेंसी) मुंबई। महाराष्ट्र के 29 नगर निगमों के चुनाव परिणामों में भारतीय जनता पार्टी और महायुति गठबंधन की बड़ी जीत पर पार्टी की पहली आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने आई है। नयी दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने विपक्षी इंडिया गठबंधन पर तीखे प्रहार किए। उन्होंने कहा कि इन नतीजों ने साबित कर दिया है कि महाराष्ट्र की जनता ने



नकारात्मक राजनीति को पूरी तरह नकार दिया है। सुधांशु त्रिवेदी ने विपक्षी खेमे की कमजोरी पर तंज कसते हुए पूछा, क्या अब इंडिया गठबंधन का कोई वजूद बचा भी है? उन्होंने तर्क दिया कि केरल, दिल्ली और अब महाराष्ट्र के चुनावी मैदान में यह गठबंधन पूरी तरह बिखर चुका है। त्रिवेदी के अनुसार, जनता अब केवल विकास और स्थिरता के एजेंडे को चुन रही है, जिसे महायुति सरकार ने जमीन पर उतारा है। भाजपा नेता ने इस जीत का श्रेय खास तौर से जेन–जी यानी पहली बार वोट देने वाले युवाओं को दिया। उन्होंने कहा कि युवाओं ने प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों और राज्य सरकार के विजन पर भरोसा जताया है। त्रिवेदी ने दावा किया कि युवाओं का बीजेपी के पक्ष में आना इस बात का प्रमाण है कि नई पीढ़ी विकसित भारत के संकल्प के साथ मजबूती से खड़ी है।

## राहुल गांधी के मिटने वाली स्याही वाले बयान पर बीजेपी का तीखा हमला, कहा- हार के लिए दूसरों को दोष देना राहुल गांधी की पुरानी आदत

(एजेंसी) मुंबई। महाराष्ट्र नगर निकाय चुनावों के बीच मिटने वाली स्याही को लेकर शुरू हुए विवाद ने अब बड़े राजनीतिक वाकयुद्ध का रूप ले लिया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा चुनाव आयोग पर वोट चोरी और नागरिकों को गुमराह करने के आरोपों पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने करारा जवाब दिया है। भाजपा नेताओं का कहना है कि राहुल गांधी के बयान इस बात का साफ संकेत हैं कि कांग्रेस एक बड़ी हार की ओर बढ़ रही है। भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने राहुल गांधी के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जब भी चुनाव परिणाम उनके पक्ष में नहीं होते, वे संस्थाओं पर दोष मढ़ना शुरू कर देते हैं। भंडारी ने कहा, राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर वोट चोरी को राष्ट्रविरोधी कृत्य बताया है। असल में जब भी वे हारते हैं, कभी ईवीएम, कभी चुनाव आयोग तो कभी स्याही को जिम्मेदार ठहराते हैं। जनता ने उन्हें बार–बार नकारा है क्योंकि वे उन्हें एक गैर–जिम्मेदार नेता के रूप में देखते हैं। एक अन्य भाजपा प्रवक्ता अजय आलोक ने भी राहुल



गांधी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा, राहुल गांधी अब सिर्फ जिद्दी नहीं, बल्कि जिद का साक्षात रूप बन चुके हैं। उनकी बातों का कोई सिर–पैर नहीं होता। कभी स्याही कमजोर है, कभी वोट चोरी हो रहे हैं,वे अपनी कमियां देखने के बजाय हर बार नए बहाने गढ़ते हैं। जनता ने उन्हें और उनकी पार्टी को पूरी तरह खारिज कर दिया है। दरअसल, महाराष्ट्र निकाय चुनाव के दौरान कई मतदाताओं ने दावा किया था कि मतदान के बाद लगाई गई अमिट स्याही आसानी से मिट रही है। राहुल गांधी ने इस खबर को साझा करते हुए एक्स पर लिखा था, चुनाव आयोग द्वारा नागरिकों को गुमराह करना लोकतंत्र में भरोसे को खत्म करने जैसा है। वोट चोरी एक राष्ट्रविरोधी कृत्य है। इस बीच, दोपहर तक के रुझानों में भाजपा–शिवसेना गठबंधन (महायुति) महाराष्ट्र के 29 नगर निकायों में बढ़त बनाए हुए है। मुंबई (बीएमसी) में भी भाजपा गठबंधन 118 वार्डों में आगे चल रहा है, जबकि ठाकरे बंधु 78 वार्डों पर बढ़त बनाए हुए हैं। स्याही विवाद बढ़ने पर राज्य चुनाव आयोग ने जांच के आदेश दिए हैं, हालांकि आयोग का कहना है कि मानक प्रक्रियाओं का पूरी तरह पालन किया गया है।

# सम्पादकीय

क्या होगा के सी त्यागी का अगला क़दम?

जैसा कि सर्वविदित हैकि बीसीसीआई की ओर से आईपीएल से बांग्लादेशी क्रिकेटर मुस्तफिजुर रहमान को बाहर करने पर सवाल उठाने और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भारत रत्न देने की मांग के मसले पर जनता दल यू ने अपने पूर्व सांसद केसी त्यागी के बयानों से दूरी बना ली है। लेकिन वहीं इस सबके विपरीत मैं नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि


नफीस जाफरी

उनके बयानों को लेकर चल रही तनाव की खबरों के बीच केसी त्यागी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की शुरू होने वाली समृद्धि यात्रा पर मीछिया के समक्ष अपनी राय रखी। गौरतलब है कि केसी त्यागी ने कहा कि नीतीश कुमार की यह 16वीं जनसंपर्क यात्रा है। इस यात्रा का नाम समृद्धि यात्रा रखा गया है, क्योंकि हम एक नया और समृद्ध बिहार बनाना चाहते हैं। बिहार में नई सरकार बनी है और हमने नए वादे भी किए हैं। 10वीं बार मुख्यमंत्री बनने के बाद नीतीश कुमार की ये पहली जनसम्पर्क यात्रा है। दरअसल, नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री बनने से पहले जनता के साथ सीधा संपर्क बनाना शुरू किया था। केसी त्यागी कहते हैं, इन यात्राओं से उन्हें फीडबैक भी मिलता है। केंद्र सरकार की मदद से बिहार में नए प्रोजेक्ट शुरू हो रहे हैं। जनता की उम्मीदों को और उनकी समस्याओं को समझने और सुलझाने का नीतीश कुमार को एक और मौका मिलेगा।

यहां यह भी बताते चलें कि आईपीएल से बांग्लादेशी क्रिकेटर को बाहर करने और नीतीश कुमार को भारत रत्न देने के मांग से उठे विवाद के बाद केसी त्यागी का ये पहला बयान है। इस विवाद के बीच राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय स्किल डेवलपमेंट मंत्री जयंत चौधरी ने बीते दिनों केसी त्यागी का बचाव किया था। गौरतलब है कि जयंत चौधरी ने वर्ल्ड बुक फेयर में के सी त्यागी की नयी किताब – संकट की खेती का लोकार्पण करने के बाद कहा था, मुझे लगता है कि आपका कनेक्शन फ्रॉम हार्ट तो माउथ है। के सी त्यागी दिल की बात बोलते हैं। उन्हें बर्दाश्त करने के लिए भी बड़ा दिल चाहिए। हर दल को एक केसी त्यागी चाहिए। केसी त्यागी के किताब के लोकार्पण के बाद जयंत चौधरी ने कहा था, के सी त्यागी विचारक हैं, लिखते हैं और उनके पास राजनीति का लंबा अनुभव है...एक्रॉस पार्टी लाइन संपर्क भी है। इसलिए उनके सम्मान में मैंने यह कहा – हर पार्टी में एक के.सी. त्यागी होना चाहिए! भारत एक विचार से नहीं है। भारत की ताकत है हमारी जो विभिन्न विचारधाराए हैं, जीवन शैलियों हैं इसलिए भारत का गुलदस्ता मजबूत है और सुना रहा है। के सी त्यागी उसी का एक प्रतिबंध है, उसी भारतीयता का प्रमाण है।

जिस तरह से केन्द्रीय मंत्री व रालोद मुखिया जयंत चौधरी ने केसी त्यागी का बचाव व उनके विचारों का समर्थन किया ऐसे में सवाल यह उठता है कि क्या केसी त्यागी का जेडीयू से वर्षों पुराना नाता टूट जाएगा? क्या अपनी ही पार्टी की तरफ़ से त्याग दिए जाने के बाद त्यागी किसी नई पार्टी का रुख़ करेंगे। सूत्रों के मुताबिक राष्ट्रीय लोकदल यानि आरएलडी ने केसी त्यागी को पार्टी में शामिल होने का न्यौता दिया है। कहा जाता है कि इसी सिलसिले में आरएलडी के राष्ट्रीय महासचिव मलूक नागर ने केसी त्यागी से मुलाक़ात की। जेडीयू की तरह ही आरएलडी भी फ़िलहाल भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए का हिस्सा है। वहीं दूसरी ओर केसी त्यागी की तरफ़ से आरएलडी के प्रस्ताव पर अबतक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है, लेकिन ये माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में वो इस प्रस्ताव पर फ़ैसला ले सकते हैं। केसी त्यागी से मुलाक़ात को मलूक नागर ने गैर राजनीतिक बताया लेकिन ये ज़रूर कहा कि अगर त्यागी पार्टी में शामिल होते हैं तो पश्चिम उत्तर प्रदेश में पार्टी का सामाजिक जनाधार और मज़बूत होगा क्योंकि इस इलाके में के सी त्यागी के समाज से आने वाले लोगों की तादाद काफ़ी अच्छी है। इसी के साथ मलूक नागर ने यह भी कहा कि केसी त्यागी को पार्टी में शामिल करने का फ़ैसला पार्टी अध्यक्ष जयंत चौधरी करेंगे। मालूम हो कि केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी आरएलडी के अध्यक्ष हैं। उनके दादा चौधरी चरण सिंह देश के प्रधानमंत्री और पिता चौधरी अजीत सिंह केंद्रीय मंत्री थे। आरएलडी का जनाधार पश्चिम उत्तर प्रदेश में ही रहा है जो संयोगवश केसी त्यागी का गृह क्षेत्र भी रहा है। पहली बार 1989 में हापुड़ लोकसभा सीट से ही जनता दल के टिकट पर केसी त्यागी सांसद निर्वाचित हुए थे। अभी तक जेडीयू की तरफ़ से केसी त्यागी के खिलाफ़ कोई लिखित या औपचारिक कार्रवाई तो नहीं की गई है , लेकिन पार्टी की तरफ़ से जिस तरह का बयान दिया गया उससे ये माना जा रहा है कि उनका पार्टी में बने रहना अब बेहद मुश्किल हो चला है। इसी हफ़्ते जब के सी त्यागी के लिखे एक किताब का विमोचन हुआ तो जयंत चौधरी ही उसमें मुख्य अतिथि थे। तब जयंत चौधरी ने कहा था कि हर पार्टी को केसी त्यागी जैसे नेताओं की ज़रूरत होती है।

# विधायक ने जरूरतमंदों को बाटे कंबल व शाल

## – श्री सीताराम मंदिर ट्रस्ट की ओर से हुआ कार्यक्रम

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शुक्रवार को श्री सीताराम मंदिर सिद्धपीठ दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर गोपाल नगर मे श्री सीताराम मंदिर ट्रस्ट के सौजन्य से अयाह शाह विधायक विकास गुप्ता उर्फ बबलू ने जरूरतमंदो को कंबल एवं शाल वितरण किया। उन्होंने बताया कि सीताराम ट्रस्ट की ओर से हर वर्ष यह कार्यक्रम किया जाता है। श्री सीताराम मंदिर सिद्धपीठ दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर गोपाल में ट्रस्ट द्वारा सर्दी के मौसम को देखते हुए जरूरतमंदों को कंबल वितरण किया। कंबल वितरण करते हुए विधायक विकास गुप्ता ने कहा कि भीशण ठण्ड में गरीब तबके को सबसे अधिक दरकार गर्म कपड़ों व कंबल की होती है। जरूरतमंदों की सेवा ट्रस्ट की ओर से लगातार की जा रही है। उन्होने अन्य स्वयंसेवी संस्थाओं से भी इस कार्य में बढ़–चढ़कर सहभागिता निभाने का आहवान किया। इस अवसर पर प्रकाश चंद्र गुप्ता, दिनेश तिवारी खलीफा, गुरुशरण गुप्ता, श्रीराम गुप्ता, गुड्डु लोधी, राम .पाल, राहुल श्रीवास्तव लेखपाल, विवेक सिंह सचिव राकेश गुप्ता, अवनीश कुमार, मोहित गुप्ता, मनीष कुमार, रोहित मोदनवाल, रिंकू गुप्ता सहित सैंकड़ो लोग उपस्थित रहें।



# कर्नाटक- डीके शिवकुमार को करना होगा अभी और इंतज़ार


गुलफिशा खान

कर्नाटक में ढाई–ढाई साल के सत्ता साझेदारी समझौते को लेकर लंबे समय से खींचतान मची है। इस खींचतान में एक तरह मुख्यमंत्री सिद्धारमैया हैं तो दूसरी ओर उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार। दोनों नेता खुलकर इस मुद्दे पर बोलने से बचते रहे हैं। लेकिन दोनों गुट के दूसरे अन्य नेताओं ने बेंगलुरु से लेकर दिल्ली तक की राजनीति को गरमा कर रख दिया है।पिछले साल नवंबर, दिसंबर में जमकर चली रस्साकसी के बाद बीते दिनों यह मुद्दा फिर तब उठा जब मैसूर एयरपोर्ट पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार से मुलाकात हुई। राहुल गांधी के सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार से मिलने के बाद राजनैतिक गलियारों में यह चर्चा तेज हो गई है कि कनार्टक में क्या मुख्यमंत्री बदलने वाला है? क्या डीके शिवकुमार की बारी आने वाली है? यदि सूत्रों की माने तो सिद्धारमैया की कुर्सी इस साल मई तक होने वाले विभिन्न राज्यों विधानसभा चुनाव तक तो बची ही है। इसी साल तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में चुनाव होने वाले है और ये सब कनार्टक के अलग–बगल के राज्य हैं। चुनाव से पहले मुख्यमंत्री बदलना सही नहीं होगा क्योंकि सिद्धारमैया पिछड़ी



जाति से आते हैं और चुनाव के पहले पिछड़ी जाति के मुख्यमंत्री को हटाने से अच्छा संदेश नहीं जाएगा। ये सभी चुनाव इस साल के मई तक खत्म हो जाएंगे उसके बाद राज्यसभा के लिए चुनाव होने हैं। कर्नाटक के चार सीटों के लिए वोटिंग होगी और उसके पहले मुख्यमंत्री को बदलना ठीक नहीं होगा। इसी चुनाव में कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को भी चुन कर आना है। खरगे राज्यसभा में विपक्ष के नेता भी हैं। कुछ जानकार मानते हैं कि यदि कांग्रेस आलाकमान चाहे तो सिद्धारमैया को मुख्यमंत्री पद से हटा कर राज्यसभा भेज सकती है क्योंकि यह कभी ना कभी तो करना ही होगा। मुख्यमंत्री पद ना छोड़ने के पीछे सिद्धारमैया की एक शर्त थी कि उन्हें तब तक मुख्यमंत्री जरूर बने रहना है जब तक कि कनार्टक के इतिहास के वो सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री बने रहने का रिकॉर्ड ना बना लें। सिद्धारमैया पिछले महीने ही कनार्टक के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री बने रहने का रिकार्ड बना चुके हैं। कनार्टक की राजनीति पर नजर रखने वाले लोगों का मानना है कि डीके शिवकुमार के पास संगठन का कौशल और संसाधन है तो सिद्धारमैया के पास विधायकों का समर्थन। कनार्टक की 224 की विधानसभा में 137 विधायक हैं जिसमें डीके के पास अधिकतम 40 विधायकों का समर्थन है बाकी सिद्धारमैया के साथ हैं। ऐसे में कांग्रेस आलाकमान असमंजस में है। राहुल गांधी के साथ मुलाकात में सिद्धारमैया ने कैबिनेट विस्तार की अनुमति मांगी है। कनार्टक के मुख्यमंत्री बदलने में देरी के पीछे एक कारण कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी हैं। खरगे खुद तो कनार्टक के मुख्यमंत्री नहीं बन पाए लेकिन वो अपने पुत्र प्रियांक खरगे को इस पद पर देखना चाहते हैं। इसा सब के चक्कर में ही सिद्धारमैया की कुर्सी बचती आ रही है। और अंत में राहुल गांधी के साथ मुलाकात के बाद डीके शिवकुमार का सोशल मीडिया पर पोस्ट अपने आप में बहुत कुछ कहता है जिसमें उनमें लिखा है कि प्रयास भले विफल हो जाएं ,लेकिन प्रार्थनाएं कभी विफल नहीं होती।

# दूरगामी सोच के तहत मोदी दशक में बदले कई अहम नाम व पते


फ़रीद वारसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नया ऑफिस बन कर तैयार है। अब इसे अंतिम रूप दिया जा रहा है। संभावना है कि इसी महीने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने नए ऑफिस में शिट हो सकते हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय, कैबिनेट सचिवालय और राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय को एक साथ नए सेवा तीर्थ परिसर में जगह दी गई है। सेवा तीर्थ परिसर विजय चौक के नजदीक रायसीना हिल के नीचे बनाया गया है। इसमें तीन हाई टेक इमारतें हैं जिन्हें सेवा तीर्थ 1, सेवा तीर्थ 2 और सेवा तीर्थ 3 का नाम दिया गया है। प्रधानमंत्री कार्यालय सेवा तीर्थ 1 में होगा। सेवा तीर्थ 2 में कैबिनेट सचिवालय पहले ही शिट हो चुका है। जबकि सेवा तीर्थ 3 में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय होगा जहां राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल बैठेंगे। यह सेंट्रल विस्टा परियोजना के तहत तैयार किया गया है। इसके तहत नया संसद भवन और उपराष्ट्रपति एनक्लेव पहले ही तैयार हो चुका है। जबकि मंत्रालयों के लिए आठ नए कर्तव्य भवन बनने हैं जिनमें से तीन तैयार हो चुके हैं और कई मंत्रालय उनमें शिट भी हो चुके हैं।आजाद भारत में पहली बार प्रधानमंत्री कार्यालय का पता बदलने जा रहा है। हालांकि जब नए सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट के तहत नए पीएमओ की कल्पना की गई थी तब इसे एक्जीक्यूटिव एनक्लेव कहा गया था लेकिन पिछले साल दिसंबर में सरकारी सूत्रों ने जानकारी दी कि इसका नाम सेवा तीर्थ रखा गया है। इस नाम के पीछे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गहरी सोच है। 2014 में जब उन्होंने देश की कमान संभाली थी तब उन्होंने स्वयं को प्रधानमंत्री के स्थान पर प्रधान सेवक कहा था। नए प्रधानमंत्री कार्यालय का नाम सेवा तीर्थ रखने के पीछे भी यही सोच है कि प्रधानसेवक का स्थान सेवा तीर्थ में है जहां 145 करोड़ देशवासियों की सेवा के लिए दिन–रात, 365 दिन अथक परिश्रम वैसे ही किया जाएगा जैसे पिछले एक दशक से हो रहा है। एक ऐसी सरकार जहां नागरिक सबसे पहले हैं। जहां शासक और शासित का संबंध नहीं बल्कि सेवा और कर्तव्य का बोध है। सत्ता का उद्देश्य लोगों पर हुकुम चलाना नहीं बल्कि उनकी सेवा करना है और यह एक दायित्व है। नाम बदलना केवल सरकारी फैसला भर नहीं बल्कि इसके गहरे सांस्ंतिक और नैतिक आयाम भी हैं। हर इमारत या सड़क का बदला नाम यही संदेश देता है कि सरकारी कामकाज में पारदर्शिता है और लोगों की सेवा का संकल्प है। प्रधानमंत्री मोदी की यह सोच पिछले एक दशक में बदले कई महत्वपूर्ण पतों में दिखती है। दशकों तक देश के प्रधानमंत्री का आवास रेसकोर्स रोड के नाम से जाना जाता था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे बदला। 2016 में रेस कोर्स रोड का नाम लोक कल्याण मार्ग रखा गया। इसके पीछे यह भावना है कि इस पते



से देश के लोगों के कल्याण की कामना और संकल्प के साथ काम होता है। फिर नया संसद भवन बना तो उसके प्रवेश द्वारों से भारतीय संस्ंति की झलक प्रस्तुत की गई। इसमें छह द्वार हैं– मकर द्वार, हंस द्वार, शार्दुल द्वार, गज द्वार, अश्व द्वार और गरुड़ द्वार। पौराणिक और शुभ पशुओं के नामों पर रखे गए ये द्वार बुद्धि, ज्ञान, शक्ति, साहस, धर्म, आत्म साक्षात्कार, समृद्धि और कर्म के प्रतीक हैं। नए संसद भवन के भीतर भी भारतीय संस्ंति और परंपराओं का ज्ञान और दर्शन बताने वाली कला. तियां और भित्तिचित्र आदि लगाए गए हैं। वहीं पुराने संसद भवन का नाम बदल कर संविधान सदन कर दिया गया क्योंकि इसी भवन के केंद्रीय कक्ष में संविधान सभा की बैठकें होती थीं जहां संविधान बनाया गया। यही सोच नए केंद्रीय सचिवालय के नामकरण में भी दिखी। सभी मंत्रालयों को नए कार्यालय मिले हैं। इन कार्यालयों का नाम कर्तव्य भवन रखा गया है। इसके पीछे भी यही सोच है कि शासन एक कर्तव्य है। पिछले महीने ही देश भर के सभी राज भवनों का नाम बदला है। अब वे राज भवन के स्थान पर लोक भवन के नाम से जाने जाते हैं। राज शब्द से छुटकारा पाया गया है जो गुलामी के शासनकाल का प्रतीक रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने अगले दस साल में पूरे देश से गुलामी के प्रतीक चिन्हों को हटाने का संकल्प रखा है। नामकरण के इस अभियान के पीछे यह सोच भी दिखती है। नॉर्थ ब्लॉक और साउथ ब्लॉक को संग्रहालयों में बदला जा रहा है। यह दुनिया के सबसे बड़ा संग्रहालयों में से एक होगा. इसका नाम भी युगे युगीन भारत संग्रहालय रखा गया है जो भारत के पांच हजार साल के गौरवशाली इतिहास की झलक दुनिया के सामने रखेगा। ये परिवर्तन एक बड़े वैचारिक बदलाव को भी बताते हैं। भारत का लोकतंत्र अब राज करने के लिए नहीं बल्कि कर्तव्य और सेवा के लिए है। यह समाज में ओहदा दिखाने का माध्यम नहीं है बल्कि लोगों को आगे रखने के लिए है। केवल पता नहीं बदल रहा, मानसिकता भी बदल रही है।

# बड़ी आंतरिक सुरक्षा चुनौती से निपटने में सफल रहे हम

शशि थरूर

इस सदी की शुरुआत तक हिंसक माओवादी विद्रोह की चुनौती काफी गहरा गई थी। 'रेड कॉरिडोर' फैलता जा रहा था। नतीजा यह हुआ कि डॉ. मनमोहन सिंह के शब्दों में, यह भारत के सामने सबसे बड़ी आंतरिक सुरक्षा चुनौती बन गया। लेकिन भारत इस चुनौती से निपटने में सक्षम साबित हुआ है। रेड कॉरिडोर 2013 में 126 जिलों में फैल गया था, जो अब सिमटकर 11 जिलों तक रह गया है। गृह मंत्री अमित शाह ने घोषणा की है कि नक्सलवादी विद्रोह आने वाले कुछ महीनों में पूरी तरह समाप्त कर दिया जाएगा। लेकिन यह उस तरह की विनाशकारी हिंसा के चलते नहीं हुआ, जैसी श्रीलंका ने 2009 में तमिल टाइगर्स को हराने के लिए अपनाई थी। न ही भारत ने उन क्रूर तौर–तरीकों का सहारा लिया, जिनका इस्तेमाल पेरू में अल्बेर्तो फुजीमोरी ने 1990 के दशक में 'सेंदेरो लुमिनोसो' गुरिल्लाओं को कुचलने के लिए किया था। भारत ने एक परिष्कृ त रणनीति बनाई, जिसमें विद्रोह के कारणों और परिणामों– दोनों को ध्यान में रखा गया। कहानी की शुरुआत भूमिहीनता, आर्थिक वंचना और हाशिये पर पड़े समुदायों– खासकर दूरदराज के, संसाधन–समृद्ध वनों में रहने वाली आदिवासी आबादी की सरकारी सेवाओं तक पहुंच के अभाव की विरासत से होती है। इसने जमींदारों के खिलाफ किसान विद्रोह को जन्म दिया। विद्रोहियों ने माओवादी सैन्य रणनीति यानी जनयुद्ध को अपनाया। 2004 में, विद्रोह के विभिन्न धड़े एकजुट होकर सीपीआई (माओवादी) बने, जिसका उद्देश्य भारतीय लोकतंत्र को उखाड़ फेंकना और एक नया जनवादी राज्य स्थापित करना था। दूरस्थ इलाकों में प्रशासनिक और सुरक्षागत शून्यों का लाभ उठाते हुए सीपीआई (माओवादी) ने इन जिलों में समानांतर शासन का आभास दिया और स्वयं को पूंजीवादी शोषण के खिलाफ उत्पीड़ितों के रक्षक के रूप में प्रस्तुत किया। उसे नए रंगरूट मिलते रहे। लेकिन संरक्षण का यह एजेंडा अकसर हिंसा के जरिये आगे बढ़ाया गया और इसकी वित्तीय व्यवस्था लूट तथा उगाही से की गई। जून 2009 में सरकार ने सीपीआई (माओवादी) और उसके सहयोगी संगठनों को आतंकवादी घोषित किया और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत इस संगठन पर प्रतिबंध ा लगा दिया। माओवादियों ने जवाब में हिंसा और तेज कर दी। 2010 में उन्होंने भारतीय अर्द्धसैनिक बलों पर सबसे घातक हमला किया, जिसमें छत्तीसगढ़ में सीआरपीएफ के 74 जवान और दो पुलिसकर्मी मारे गए। तीन साल बाद एक और हमले में उसी राज्य के कांग्रेस पार्टी नेतृत्व को ले जा रहे काफिले को निशाना बनाया गया और उसे तबाह कर दिया गया। तत्कालीन यूपीए सरकार को एहसास था कि केवल दमन से काम नहीं चलेगा और एक ऐसे नए दृष्टिकोण की जरूरत है, जो सुरक्षा चुनौती के साथ–साथ उन आर्थिक शिकायतों का भी सामना करे, जो विद्रोह को पोषित कर रही थीं। यूपीए सरकार द्वारा शुरू की गई कार्रवाई को 2014 के बाद गति मिली, जब प्रध ानमंत्री नरेंद्र मोदी की नई सरकार ने सुरक्षा और विकास– दोनों को ध्यान में रखते हुए एक व्यापक, बहु–स्तरीय रणनीति लागू की। सरकार ने पुलिस की क्षमताओं को मजबूत करने में भारी निवेश किया– आधुनिक हथियार, बेहतर संचार उपकरण और उग्रवाद–विरोधी अभियानों के लिए विशेष प्रशिक्षण उपलब्ध कराया गया। इसके अलावा, पहले से दुर्गम रहे इलाकों में सैकड़ों नए फॉरवर्ड ऑपरेटिंग बेस स्थापित किए गए, जिससे माओवादियों के तथाकथित सुरक्षित क्षेत्र सिमटे और उनकी आवाजाही बाधित हुई। सरकार ने उगाही के नेटवर्क और अन्य अवैध आय स्रोतों पर भी प्रहार किया और केंद्रीय तथा क्षेत्रीय नेतृत्व को पकड़ने या निष्क्रिय करने के प्रयास तेज किए। साथ ही गरीबी–उन्मूलन और विकास के प्रयास भी किए गए। लेकिन स्थायी समाधान के लिए प्रणालीगत बदलाव भी अनिवार्य हैं। सरकार को जल, जंगल और जमीन पर स्थानीय समुदायों के अधिकारों की रक्षा करनी होगी। आर्थिक विकास की परिभाषा को इस तरह से गढ़ना होगा कि वह पारंपरिक अधिकारों का सम्मान करे। साथ ही, नए सिरे से अशांति के चक्र को जन्म देने से बचने के लिए शोषणकारी उपक्रमों को आदिवासी इलाकों को रिमोट–कंट्रोल से संचालित करने की कोशिशों से भी बाज आना चाहिए।

# इतिहास, संस्कृति और धर्म से खिलवाड़

नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद जिस तेजी से अयोध्या में बाबरी मस्जिद की जमीन राम मंदिर बनाने के लिए दे दी गई और फिर वहां राम मंदिर बन भी गया, उससे भाजपा समर्थकों में यह विश्वास और पुख्ता हो गया कि मोदी के रहते हिंदू धर्म सुरक्षित रहेगा और हिंदू जागा रहेगा। हालांकि हिंदू कब सोया हुआ था और ध ार्म को कब खतरा था, इसका कोई तार्किक जवाब इन समर्थकों के पास नहीं है। क्यों धर्म खतरे में रहता तो देश में हिंदू आबादी बहुसंख्यक नहीं रहती। बहरहाल, भाजपा की धर्म की राजनीति में आम जनता की आस्था उलझ कर रह गई और अब जब धर्म का तरह–तरह से अपमान हो रहा है, तो यह उलझी हुई धार्मिक जनता समझ नहीं पा रही है कि उसे क्या करना चाहिए। अभी तीन–चार तीन पहले नरेन्द्र मोदी शिवजी की तरह डमरू बजाते दिखे, इसके बाद पतंगबाजी का शौक पूरा करने के लिए हनुमानजी को ही पतंग की तरह इस्तेमाल किया। लेकिन हिंदू सोया रहा, उसे अपने आराध्य भगवानों के अपमान पर आपत्ति नहीं हुई। उत्तरप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने हनुमानजी के अपमान के विरोध में लखनऊ में हनुमान चालीसा का पाठ करना चाहा, तो पुलिस ने उन्हें रोका। हालांकि पाठ फिर भी उन्होंने पूरा किया। लेकिन इसमें कोई हिंदुत्ववादी संगठन अजय राय का साथ देने आगे नहीं आया। जो लोग चर्च या मस्जिदों के सामने हनुमान चालीसा पढ़ते हैं, उन्हें इस बात से तकलीफ नहीं हुई कि मंदिर में किसी को हनुमान चालीसा का पाठ करने से क्यों रोका जा रहा है। धर्म को लेकर यह दोहरा रवैया जाहिर करता है कि भाजपा के लिए धर्म केवल राजनीति में सीढ़ी की तरह इस्तेमाल किया जाता है। आस्था पर पैर रखकर अपमानित करने से भाजपा नेताओं को कोई गुरेज नहीं है।इसी तरह प्राचीन संस्कृति और ऐतिहासिक धरोहरों का भी लगातार तिरस्कार भाजपा कर रही है। अभी सोमनाथ मंदिर पर आक्रमण के हजार साल मनाए गए और नरेन्द्र मोदी ने इसमें कहा कि यह हमारी विजय का प्रतीक है, क्योंकि आक्रमण के बाद भी सोमनाथ को नष्ट नहीं किया जा सका। लेकिन खुद मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में मंदिरों, मूर्तियों और घाटों को जीर्णोद्धार के नाम पर बर्बाद किया जा रहा है। इसमें मणिकर्णिका घाट को भी नहीं बख्शा गया, जो हिंदू धर्म के सबसे प्राचीन और सबसे पवित्र श्मशान घाटों में से एक है। मोक्ष की कामना में श्रद्धालु यहां आते हैं, लेकिन शायद नरेन्द्र मोदी की नजर में श्रद्धा का कोई मोल नहीं है, उन्हें केवल मुनाफे की भाषा समझ आती है। तभी तो इस पवित्र माने जाने वाले घाट का अविचारित पुनरूद्धार किया जा रहा है। जिसमें पुराने घाटों और मूर्तियों पर बेरहमी से बुलडोजर चला दिया गया और जब इसका विरोध शुरु हुआ तो जिला प्रशासन का जवाब आया कि मूर्तियों को दोबारा लगाने के लिए सुरक्षित रखा गया है। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने कहा कि दीवारों में लगी कुछ कलाकृतियां व मूर्तियां प्रभावित हुई हैं लेकिन उन्हें संस्कृ ति विभाग द्वारा सुरक्षित कर लिया गया है और काम पूरा होने के बाद उन्हें उनके मूलरूप में फिर से स्थापित किया जाएगा। लेकिन सवाल यही है कि आखिर इस तरह के कामों में पहले से सावध ानी क्यों नहीं बरती गई।जब मोदी ने काशी विश्वनाथ कॉरिडोर बनवाया था, तब भी कई पुरानी मूर्तियां और छोटे मंदिरों को तोड़ा गया था। अब अहिल्याबाई होलकर की लगभग सौ साल पुरानी मूर्ति को नुकसान पहुंचाया गया है। जबकि इन्हीं देवी अहिल्याबाई होलकर ने मणिकर्णिका घाट का निर्माण करवाया था और कई मंदिरों का संरक्षण भी किया था। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मोदी को घेरते हुए एक पोस्ट में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं की तरफ ध्यान दिलाया है और अहम सवाल पूछे हैं। उन्होंने लिखा कि श्गुप्त काल में वर्णित जिस मणिकर्णिका घाट का लोकमाता अहिल्याबाई होलकर ने पुनरुद्धार कराया था, उस दुर्लभ प्राचीन धरोहर को आपने पुनरुद्धार के बहाने तुड़वाने का अपराध किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने भोंडे सौंदर्यीकरण और व्यवसायीकरण के नाम पर बनारस के मणिकर्णिका घाट में बुलडोजर चलवाकर सदियों पुरानी धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को ध्वस्त करानेश्श का काम किया है। आप चाहते हैं कि इतिहास की हर धरोहर को मिटाकर बस आपकी नामपट्टिका चिपका दी जाए। श्री खड़गे ने कहा कि पहले गलियारे के नाम पर छोटे–बड़े मंदिर और देवालय तोड़े गए और अब प्राचीन घाटों की बारी है। दुनिया का प्राचीनतम शहर काशी अध्यात्म, संस्कृति, शिक्षा और इतिहास का ऐसा संगम है जो पूरी दुनिया को अपनी ओर आकर्षित करता है। क्या इस सब के पीछे फिर से व्यावसायिक मित्रों को फायदा पहुंचाने की मंशा है? जल, जंगल, पहाड़– सब आपने उनके हवाले किए हैं, अब सांस्कृ तिक विरासत की बारी आ गई है।

# विभिन्न स्कूलों में जाकर स्कूली वाहनों की फिटनेस को किया चेक

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। सड़क दुर्घटनाओं पर कमी लगाये जाने के उद्देश्य से मुख्य सचिव, उ०प्र० शासन के पत्र संख्या 3033/तीस–3–2025 31 दिसंबर 2025 द्वारा 01 जनवरी 2026 से 31 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह आयोजित किये जाने के निर्देश के क्रम में आज शुक्रवार को राष्ट्रीय



सड़क सुरक्षा माह के सोलहवें दिवस श्याम लाल, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी एवं वीरेन्द्र नाथ राजभर, यात्री/मालकर अधिकारी द्वारा अनफिट स्कूली वाहनों की चेकिंग हेतु विशेष अभियान के अन्तर्गत विद्यावती निगम मेमोरियल स्कूल व सेंट जेवियर्स स्कूल में जाकर स्कूली वाहनों की फिटनेस को चेक किया गया, सभी स्कूली बसें फिट पायी गयी। उक्त के अतिरिक्त जनपद के विभिन्न स्थानों पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 45 बिना हेलमेट, 13 बिना सीटबेल्ट सहित अन्य अभियोगों में कुल 67 चालान किये गये साथ ही मार्ग प्रयोक्ताओं को पम्पलेट वितरित करते हुए सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक भी किया गया।

# तहसील प्रशासन ने अवैध आरा मशीन को ढहाया

न्यूज वाणी ब्यूरो



लहरपुर, सीतापुर। तहसील प्रशासन ने खलियान की भूमि पर बनी बाउंड्री वॉल व अवैध संचालित आरा मशीन को ढहा दिया। कोर्ट के आदेश पर हुई बुलडोजर कार्यवाही लहरपुर मेन रोड छावनी पुलिया के निकट तलहा धर्म कांटा के पास लगी खलियान की भूमि पर आरा मशीन की बाउंड्रीवॉल को ढहाया गया। बता दें कि यह भूमि खलियान में दर्ज है जिसकी गाटा संख्या 4540. 040 हेक्टेयर भूमि पर सगीर अहमद पुत्र नथुनी खान निवासी मीरा टोला ने अवैध कब्जा कर अपनी आरा मशीन लगा रखी थी। कोर्ट के आदेश के बाद जिसको शुक्रवार दोपहर को तहसीलदार मनीष त्रिपाठी, लेखपाल राहुल यादव, नायाब तहसीलदार अशोक यादव सहित भारी पुलिस बल के साथ आरा मशीन और बनी बाउंड्री को ढहा दिया गया जिसकी कीमत करीब एक करोड़ आंकी गई है। तहसील प्रशासन द्वारा सरकारी भूमि पर अवैध कब्जेदारों पर कार्यवाही लगातार जारी है।

# निर्धन बालिकाओं की शिक्षा व आवासीय सुविधा का योगी सरकार दे रही ध्यान

## - कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों पर करोड़ो रुपये खर्च कर बदली सूरत

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। निर्धन बालिकाओं की शिक्षा व आवास की सुविधा बेहतर हो इसका योगी सरकार ध्यान दे रही है और बांदा के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों पर करोड़ों रुपए खर्च कर इनकी सूरत बदली गई है। 15 करोड रुपए से अधिक इन विद्यालयों पर खर्च किए गए हैं जहां के एकेडमिक ब्लॉक व छात्रावासों का निर्माण कराया गया है और बालिकाओं को अच्छी शिक्षा मिल सके व उनके रहने की जगह अच्छी हो इसको लेकर सरकार लगातार प्रयासरत है और ऐसे विद्यालयों पर जरूरी सुविधाओं को मुकम्मल करने का काम कर रही है। पल्हरी, रगौली, टीकामऊ व डिंगवाही कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों पर खर्च किये गए करोड़ों रुपये सरकार का कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के संचालन का मुख्य उद्देश्य शैक्षिक रूप से पिछड़े ग्रामीण क्षेत्रों में अनुसूचित जातियों, जनजातियों, ओबीसी और अल्पसंख्यक समुदायों की वंचित बालिकाओं को उच्च प्राथमिक स्तर तक गुणवत्तापूर्ण आवासीय शिक्षा प्रदान कर लैंगिक असमानता को दूर करना है। ताकि वे स्कूल छोड़े नहीं और सशक्त बन सके। जिसमें मुत भोजन, छात्रावास और जीवन कौशल प्रशिक्षण भी शामिल है। जिसके क्रम में जिले के 4 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों के एकेडमिक ब्लाक और छात्रावास के निर्माण पर 1521.68 लाख रुपये खर्च किये गए हैं। जिसमें बबेरू क्षेत्र के पल्हरी में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के एकेडमिक ब्लाक व छात्रावास के निर्माण पर 380.42 लाख रुपये खर्च किये गए हैं। इसी तरह नरैनी क्षेत्र के रगौली में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में भी 380.42 लाख रूपए वहीं बिसंडा क्षेत्र के लौली टीकामऊ गांव में स्थित कस्तूरबा विद्यालय पर 380.42 लाख रूपए व बड़ोखर खुर्द ब्लाक के डिंगवाही गांव में स्थित कस्तूरबा विद्यालय पर भी 380.42 लाख खर्च किये गए हैं। 15 करोड़ रुपये खर्च कर बदली गई कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों की सूरत जिला अर्थ एवं सांख्यिकीय अधिकारी पुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि निर्धन बालिकाओं को अच्छी शिक्षा मिले व उन्हें अच्छा माहौल मिला इसको लेकर सरकार लगातार प्रयासरत है और हमारे जिले




की चार कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों पर लगभग 15 करोड रुपए शासन की तरफ से स्वी.त किए गए थे। जिससे इन विद्यालयों के एकेडमिक ब्लॉक व छात्रावास का जल्द ही निर्माण कराया गया है। जहां पर छात्राओं को अच्छी शिक्षा सहित उनके रहने, खाने पीने की अच्छी व्यवस्था हो गई है।

# पत्रकारों के लिए बीमा शिविर का हुआ आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो



गाजीपुर। प्रेस क्लब के तत्वावधान में शुक्रवार को पत्रकारों के लिए बीमा शिविर का आयोजन किया गया। प्रेस क्लब के अध्यक्ष शिवकुमार के नेतृत्व में संस्था के 56 पत्रकार सदस्यों का 10 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा कराया गया। मुख्य डाकघर गाजीपुर में प्रेस क्लब की ओर से आयोजित शिविर में जिले के सभी क्षेत्रों के पत्रकारों ने उत्साह के साथ बढ़–चढ़ हिस्सा लिया। बीमा शिविर के पहले चरण में शुक्रवार को पत्रकारों को 10 लाख का दुर्घटना बीमा कवर प्रदान किया गया। इस बाबात जानकारी देते हुए प्रेस क्लब के अध्यक्ष शिवकुमार ने बताया कि संस्था अपने सभी सदस्यों को हर वर्ष यह सुविधा प्रदान करती है। जिसके तहत इस वर्ष प्रथम चरण में सदस्यों का बीमा कराया गया है। प्रेस क्लब के शेष सदस्यों का आगामी दिनों में कैम्प लगाकर बीमा कराया जायेगा। उन्होने बताया कि प्रेस क्लब अपने सदस्यों समेत जिले के पत्रकारों के हितों के लिए लगातार कार्यरत है और पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान और सुविधा के लिए प्रेस क्लब निरंतर संघर्ष करता रहेगा। शिविर में संस्था के संरक्षक मनीष मिश्रा, उपाध्यक्ष मनीष सिंह, महासचिव .पा .ष्ण के0के0 सचिव विनित दुबे, कार्यकारिणी सदस्य मुकेश उपाध्याय राजू, संजीव कुमार, रजत, संदीप शर्मा सोनू, अंजनी कुमार तिवारी सोनू, आदि मौजूद रहे।

# स्वामी विवेकानंद जन्मोत्सव प्रेरणा, व्यक्तित्व और दायित्व की पुकार

## - आत्मबल, आत्मविश्वास से सफलता के द्वार स्वयं खुलते हैं : डॉ सुधाकर

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिसवां, सीतापुर। नंदकिशोर कैलाशचंद्र महाविद्यालय टिकरा में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा स्वामी विवेकानंद जन्मोत्सव के अवसर पर एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लखनऊ विश्वविद्यालय के असिस्टेंट डीन सीडीसी डॉ. सुधाकर वर्मा ने की। इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं में विवेकानंद की चेतना, आत्मबल, राष्ट्रधर्म, कर्मनिष्ठा और मानवधर्म पर आधारित जीवन–.ष्टि को जागृत करना था। विवेकानंद का व्यक्तित्व केवल संन्यासी का नहीं बल्कि आधुनिकता, अनुशासन, विचार–साहस और संगठन–शक्ति का अद्भुत समन्वय था, जो आज भी युवाओं को चुनौतियों से संघर्ष करने का साहस देता है। मुख्य वक्ता डॉ. चंद्रशेखर प्रजापति ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा विवेकानंद के विचारों से प्रेरित युवा लक्ष्यहीन नहीं रह सकता। वे आत्मबल, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की वह कुंजी देते हैं जिससे सफलता के द्वार स्वयं खुलते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आज समय केवल डिग्री नहीं बल्कि चरित्र, अनुशासन और कर्तव्यभाव की मांग करता है। संस्था की डायरेक्टर संतोष वर्मा ने युवाओं को राष्ट्र–समर्पण और कार्यनिष्ठा की दिशा में प्रेरित किया। चीफ प्रॉक्टर पुष्पेंद्र सिंह ने अनुशासन, समय–प्रबंधन और सेवा–भाव को युवा जीवन की अनिवार्यता बताया। कार्यक्रम अधिकारी संस्था के ओएसडी डॉ. राहुल वर्मा ने आयोजन को सफलतापूर्वक संचालित करते हुए समापन पर सभी अतिथियों, वक्ताओं, शिक्षक–शिक्षिकाओं एवं छात्रों के प्रति आभार व्यक्त किया। उनकी संयोजक भूमिका और छै के प्रति सक्रिय .ष्टि ने छात्रों में उत्साह और




सहभागिता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस अवसर पर बी.ए., बी.एस.सी., बी.कॉम एवं एम.एस.सी. के छात्रों की भारी उपस्थिति ने यह प्रमाणित किया कि विवेकानंद आज भी भारतीय युवाओं की प्रेरणा के आधारस्तंभ हैं। विवेकानंद और युवा चेतना विवेकानंद का संदेश. "उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए।" .आज के युवा के लिए जीवन–दिशा है। प्रतिस्पर्धा, तनाव और मूल्य–संकट के बीच यह संदेश भय को तोड़कर आत्मविश्वास की लौ प्रज्वलित करता है। उनके विचारों में युवा समाज और राष्ट्र–निर्माण की सबसे बड़ी धुरी हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना और विवेकानंद का समाजधर्म छै का मूल तत्व. "मैं नहीं, आप " .विवेकानंद के सेवा, मानवता और दायित्व–भाव का ही विस्तार है। छै इन मूल्यों को धरातल पर उतारकर युवाओं को सक्रिय नागरिकता की ओर बढ़ाता है। यह आयोजन इस तथ्य को पुष्ट करता है कि विवेकानंद केवल इतिहास के नायक नहीं बल्कि वर्तमान की आवश्यकता और भविष्य की दिशा हैं। उनका संदेश बताता है कि सफलता केवल शीर्ष तक पहुँचने का नहीं बल्कि चरित्र, कर्म और संकल्प का परिणाम है। युवा यदि थोड़ी जागरूकता, कर्मठता और राष्ट्रचिंतन को अपने जीवन में शामिल कर लें तो उनका मार्ग स्वयं सुगम हो जाता है।

# किसानों को दिया जा रहा निःशुल्क बीज

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। जिला .षि अधिकारी उमेश कुमार ने बताया कि गाजीपुर जनपद में बसन्त कालीन गन्ना खेती करने वाले .षको को गन्ने की फसल में उर्द मूंग अतःफसली खेती को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से .षि विभाग द्वारा निःशुल्क बीज उपलब्ध कराया जा रहा है। जिला .षि अधिकारी गाजीपुर ने बताया कि इस योजना के अर्न्तत इच्छुक .षक .षि विभाग के पोर्टल दर्शन–2 पर जाकर आनलाईन बुकिंग कर सकते है। बीज वितरण पूर्णतः आनलाईन आवेदन के आधार पर किया जायेगा। उन्होने जानकारी दी कि जनपद के लिए निर्धारित लक्ष्य से अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में आनलाईन लाटरी प्रणाली के माध्यम से .षको का चयन किया जायेगा। चयनित .षको को विकासखण्ड स्तर पर स्थित राजकीय .षि भण्डार से निःशुल्क बीज का वितरण किया जायेगा। जिला कृषि अधिकारी ने यह भी बताया कि आनलाईन बुकिंग की अन्तिम तिथि 20 जनवरी निर्धारित की गयी है। अतः जनपद के सभी पात्र एवं इच्छुक .षको से अपील की जाती है कि वे निर्धारित समय–सीमा के भीतर पोर्टल पर पंजीकरण कर योजना का लाभ अवश्य प्राप्त करे। उर्दध् मूंग की अन्तःफसली खेती से जहा एक ओर .षको की अतिरिक्त आय में वृद्धि होगी, वही दूसरी ओर मृदा उर्वरता में सुधार एवं संतुलित पोषक तत्व प्रबन्धन को भी प्रोत्साहित करेंगे।

# छात्र-छात्राओं ने भाषण, चित्रकला व नुक्कड़ नाटक में किया प्रतिभाग

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत आज माध्यमिक शिक्षा विभाग की जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा जागरूकता प्रतियोगिता का आयोजन पीएमश्री राजकीय इंटर कॉलेज में किया गया जिसमें जनपद



से आए हुए विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों के छात्र–छात्राओं ने भाषण, चित्रकला एवं नुक्कड़ नाटक, लघु नाटिका में प्रतिभाग किया। उक्त प्रतियोगिता मास्टर ट्रेनर, समन्वयक सड़क सुरक्षा डॉ. पीयूष मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित की गई। जिसमें डॉ. मिश्र द्वारा प्रतियोगिता के विषय में विस्तार से बताया गया। साथ ही विजेता छात्रों के खातों में परिवहन विभाग द्वारा धनराशि का प्रेषण शीघ्र ही किए जाने की बात कहीं। प्रतियोगिता के शुभारंभ के अवसर पर प्रधानाचार्य धर्मराज द्वारा सभी प्रतिभागी छात्र ध्छात्राओं का उत्साह वर्धन किया गया तथा सभी को इस महत्वपूर्ण अभियान में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हेतु प्रेरित किया। भाषण प्रतियोगिता में श्रद्धा गुप्ता कक्षा 10 भगवती प्रसाद ओमर बालिका इंटर कॉलेज ने प्रथम स्थान, शिवम राजकीय इंटर कॉलेज बेलगांव कक्षा 10 के छात्र ने द्वितीय स्थान, अंकित यादव आदर्श बजरंग इंटर कॉलेज के कक्षा 12 के छात्र ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला विद्या में पोस्टर प्रतियोगिता के अंतर्गत शिवानी पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कक्षा 11 की छात्रा ने प्रथम स्थान, अंजू राजकीय इंटर कॉलेज बिलगांव कक्षा 11 की छात्रा ने द्वितीय स्थान, मानसी वर्मा राजकीय हाई स्कूल बड़ोखर बुजुर्ग कक्षा 9 की छात्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नुक्कड़ नाटक/लघु नाटिका की विधा में पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्रा मोहिनी, मुस्कान, वैष्णवी, शमा की संयुक्त टीम ने प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान भगवती प्रसाद ओमर बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं लक्ष्मी पांडेय, नैंसी, विधि, गीतांजलि की संयुक्त टीम ने द्वितीय स्थान इंटरमीडिएट कॉलेज तिंदवारा के छात्रों बलराम, अमर, आदित्य शुक्ला की संयुक्त टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर डॉ. पीयूष मिश्रा ने सभी को सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई तथा अन्य प्रतिभागी छात्र ध्छात्राओं को निराश न होते हुए भविष्य के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी, उप प्रधानाचार्य पूनम श्रीवास्तव ने सभी उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया। इस महत्वपूर्ण मिशन में बढ़–चढ़ के हिस्सेदारी करने का आवाहन किया। इस अवसर पर नोडल शिक्षक, शिक्षिकाएं सड़क सुरक्षा देव कुमार, मानसी साधना, विनीता अजीत सिंह आदि उपस्थित रहे।

# बेकाबू डंपर ने बुजुर्ग को रौंदा, हालत नाजुक

## - बैग में लाखों की नकदी और जमीनी कागजात होने की चर्चा

न्यूज वाणी ब्यूरो



महमूदाबाद, सीतापुर। जनपद के महमूदाबाद लखनऊ रोड पर सेमरा मोड़ के पास शुक्रवार दोपहर एक भीषण सड़क हादसे ने इलाके में सनसनी फैला दी। एक तेज रतार अज्ञात डंपर ने मोटरसाइकिल सवार बुजुर्ग को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें नाजुक हालत में लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। अनियंत्रित डंपर का कहर प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दोपहर करीब एक बजे एक डंपर बेहद अनियंत्रित गति से महमूदाबाद की ओर आ रहा था। सेमरा मोड़ के पास डंपर ने बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार सड़क पर काफी दूर तक घिसटते चले गए। वारदात को अंजाम देने के बाद चालक डंपर समेत मौके से फरार होने में कामयाब रहा। घायल की हुई पहचान हादसे का शिकार हुए व्यक्ति की पहचान अयोध्या प्रसाद कश्यप (50), पुत्र सुंदर लाल कश्यप के रूप में हुई है। वह बाराबंकी जिले के कुर्सी थाना क्षेत्र के निगोहां गांव के निवासी हैं। नकदी और कीमती दस्तावेजों से भरा था बैग! घटनास्थल पर मौजूद स्थानीय लोगों के बीच इस बात की खासी चर्चा रही कि घायल बुजुर्ग के पास मौजूद बैग में बड़ी मात्रा में नकदी थी। कुछ ग्रामीणों का दावा है कि बैग में लाखों रुपये और जमीन के महत्वपूर्ण कागजात भी रखे थे। हालांकि, पुलिस अभी इस मामले की आधिकारिक पुष्टि करने में जुटी है। रेस्क्यू और उपचार हादसे के तुरंत बाद राहगीरों ने सक्रियता दिखाते हुए एम्बुलेंस को सूचना दी। घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए लखनऊ ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। पुलिस की कार्रवाई सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस ने फरार डंपर की तलाश के लिए नाकेबंदी शुरू कर दी है और सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है।

माघ मेला 2026
आवश्यक सूचना
रेल यात्रियों/श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सहायता हेतु महत्वपूर्ण जानकारी
मुख्य स्नान पर्व एवं तिथिः
मौनी अमावस्या- 18.01.2026 | बसन्त पंचमी- 23.01.2026
माघी पूर्णिमा- 01.02.2026 | महाशिवरात्रि- 15.02.2026
मुख्य स्नान दिवसों पर प्रयागराज जं., सूबेदारगंज, नैनी जं. एवं प्रयागराज छिवकी स्टेशनों पर निकास एवं प्रवेश की व्यवस्था
प्रयागराज जं. से निकास – केवल सिविल लाइन्स की ओर से
प्रयागराज जं. पर प्रवेश – लीडर रोड द्वारा केवल सिटी साइड की ओर से
प्रयागराज जं. पर अलग-अलग दिशाओं हेतु बनाए गए यात्री आश्रयों का विवरण निम्नांकित है:-

| प्रवेश द्वार सं. एवं रंग | यात्री आश्रय सं. एवं रंग | दिशा | प्लेटफार्म सं. |
|---|---|---|---|
| 1 लाल रंग | 1 लाल रंग | वाराणसी एवं लखनऊ की ओर | 7 से 10 |
| 2 नीला रंग | 2 नीला रंग | मिर्जापुर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. की ओर | 4,5 |
| 3 पीला रंग | 3 पीला रंग | मानिकपुर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, सतना की ओर | 1 |
| 4 हरा रंग | 4 हरा रंग | कानपुर, आगरा, दिल्ली की ओर | 2,3 |
| 5 | 5 | आरक्षित टिकट यात्रियों के लिए | उद्घोषित प्लेटफॉर्म से |

सूबेदारगंज स्टेशन से निकास – केवल जी.टी रोड की ओर से
सूबेदारगंज स्टेशन पर प्रवेश – केवल राजरूपपुर की ओर से
सूबेदारगंज स्टेशन पर बनाए गए यात्री आश्रय का विवरण निम्नांकित है:-

| प्रवेश द्वार सं. | यात्री आश्रय सं. | दिशा | प्लेटफार्म सं. |
|---|---|---|---|
| 1 | - | कानपुर, आगरा, दिल्ली की ओर | 1 |
| 3 | - | आरक्षित टिकट यात्रियों के लिए | उद्घोषित प्लेटफॉर्म से |

प्रयागराज छिवकी स्टेशन से निकास – केवल GEC रोड से
प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर प्रवेश – केवल COD रोड से
प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर अलग-अलग दिशाओं हेतु बनाए गए यात्री आश्रयों का विवरण निम्नांकित है:-

| प्रवेश द्वार सं. | यात्री आश्रय सं. एवं रंग | दिशा | प्लेटफार्म सं. |
|---|---|---|---|
| 1A | 1 हरा रंग | मिर्जापुर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. की ओर | 1, 2 |
| 1B | 2 लाल रंग | मानिकपुर, सतना, जबलपुर की ओर | 3, 4 |
| 1B | 3 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी की ओर | 3, 4 |
| 2 | 4 | आरक्षित टिकट यात्रियों के लिए | उद्घोषित प्लेटफॉर्म से |

नैनी जं. से निकास – केवल माल गोदाम की ओर से
नैनी जं. पर प्रवेश – केवल स्टेशन रोड से
नैनी जं. पर अलग-अलग दिशाओं हेतु बनाए गए यात्री आश्रयों का विवरण निम्नांकित है:-

| प्रवेश द्वार सं. | यात्री आश्रय सं. एवं रंग | दिशा | प्लेटफार्म सं. |
|---|---|---|---|
| 1 | 1 हरा रंग | कानपुर की ओर | 2 |
| 1 | 2 नीला रंग | मानिकपुर, चित्रकूट, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी की ओर | 3 |
| 1 | 3 लाल रंग | मानिकपुर, सतना, जबलपुर की ओर | 3 |
| 2 | - | आरक्षित टिकट यात्रियों के लिए | उद्घोषित प्लेटफॉर्म से |
| 3, 4 | 4A, 4B पीला रंग | मिर्जापुर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. की ओर | 1 |

रेलवे से सम्बन्धित जानकारी एवं अन्य सहायता हेतु वेबसाइट http://melarailseva.com/digital/ पर जायें या दिया गया QR स्कैन करें।
माघ मेला रेलवे टोल फ्री नंबर 1800 4199 139
अपना अनारक्षित टिकट स्वयं बनाने हेतु UTS on Mobile App डाउनलोड करें। UTS on Mobile App डाउनलोड करने के लिए QR स्कैन करें।
कृपया उचित टिकट लेकर ही यात्रा करें, बिना टिकट यात्रा दंडनीय अपराध है।
उत्तर मध्य रेलवे
गतिशीलता ही हमारी पहचान
नोटः- तीर्थयात्रियों की सुविधा हेतु संगम क्षेत्र में त्रिवेणी रोड पर आरक्षित एवं अनारक्षित टिकट काउंटर खोले गये हैं। 104/26 FA
@CPRONCR | North central railways | cproncrly | CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

माघ मेला 2026
आवश्यक सूचना
रेल यात्रियों/ श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सहायता हेतु महत्वपूर्ण जानकारी
अपने गन्तव्य स्थान की ओर जाने वाली स्पेशल ट्रेन पकड़ने के लिए सम्बन्धित स्टेशन पर ही पहुँचें।

| दिशा | गाड़ी मिलने का स्टेशन |
|---|---|
| मिर्जापुर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., बक्सर, पटना, गया की ओर | प्रयागराज जं.<br>नैनी जं., प्रयागराज छिवकी |
| मानिकपुर, चित्रकूट, महोबा, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, सतना, जबलपुर की ओर | प्रयागराज जं.<br>नैनी जं., प्रयागराज छिवकी |
| कानपुर, अलीगढ़, मेरठ, दिल्ली की ओर | प्रयागराज जं., सूबेदारगंज |
| लखनऊ, प्रतापगढ़, सुल्तानपुर, जौनपुर, अयोध्या की ओर | प्रयाग, फाफामऊ जं. |
| वाराणसी, मऊ, गोरखपुर, बलिया की ओर | प्रयागराज रामबाग<br>झूसी |

मुख्य स्नान दिवसों पर प्रयागराज जं., सूबेदारगंज, नैनी जं. एवं प्रयागराज छिवकी स्टेशनों पर यातायात प्रतिबंधित रहेगा

| क्र.सं. | पर्व का नाम | तिथि | दिन | यातायात प्रतिबंध की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मौनी अमावस्या | 18-01-2026 | रविवार | दिनांक – 20.01.2026 को 24:00 बजे तक |
| 2 | बसन्त पंचमी | 23-01-2026 | शुक्रवार | दिनांक – 22.01.2026 को 00:00 बजे से<br>दिनांक – 25.01.2026 को 24:00 बजे तक |
| 3 | माघी पूर्णिमा | 01-02-2026 | रविवार | दिनांक – 31.01.2026 को 00:00 बजे से<br>दिनांक – 03.02.2026 को 24:00 बजे तक |
| 4 | महाशिवरात्रि | 15-02-2026 | रविवार | दिनांक – 14.02.2026 को 00:00 बजे से<br>दिनांक – 17.02.2026 को 24:00 बजे तक |

रेलवे से सम्बन्धित जानकारी एवं अन्य सहायता हेतु वेबसाइट https://melarailseva.com/digital/ पर जायें या दिया गया QR स्कैन करें।
माघ मेला रेलवे टोल फ्री नंबर 1800 4199 139
अपना अनारक्षित टिकट स्वयं बनाने हेतु UTS on Mobile App डाउनलोड करें। UTS on Mobile App डाउनलोड करने के लिए QR स्कैन करें।
कृपया उचित टिकट लेकर ही यात्रा करें, बिना टिकट यात्रा दंडनीय अपराध है।
उत्तर मध्य रेलवे
गतिशीलता ही हमारी पहचान
नोटः- तीर्थयात्रियों की सुविधा हेतु संगम क्षेत्र में त्रिवेणी रोड पर आरक्षित एवं अनारक्षित टिकट काउंटर खाले गये हैं। 106/26 (AS)
@CPRONCR | North central railways | cproncrly | CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्में वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्में वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद, जी.टी. रोड, फतेहपुर, MBBS. (H) P.M.P
हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी, सम्पादक कारवाने हक, 9415065213
एफ.ए.जाफरी, D.R. (Opt.), 7379440876

# खिचड़ी भोज के माध्यम से सामाजिक समरसता का संदेश

## – आगे और व्यापक आयोजन की तैयारी, प्रदीप मिश्रा सरकार

न्यूज वाणी ब्यूरो

सुल्तानपुर। जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के पीढ़ी के पास आयोजित खिचड़ी भोज कार्यक्रम में सामाजिक समरसता और जनसंपर्क को मजबूती देने का प्रयास किया गया। आयोजक प्रदीप मिश्रा सरकार ने




इस कार्यक्रम के जरिए क्षेत्र के लोगों से सीधे संवाद स्थापित करने की पहल की। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य विजय बहादुर पाठक का आगमन हुआ। कुछ जनप्रतिनिधि अन्य व्यस्तताओं के कारण कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके, फिर भी स्थानीय कार्यकर्ताओं और समर्थकों की मौजूदगी ने आयोजन को गरिमा प्रदान की। आयोजक का कहना है कि यह कार्यक्रम केवल एक भोज नहीं, बल्कि जनता से जुड़ने और उनकी समस्याओं को समझने का माध्यम था। आने वाले समय में ऐसे कार्यक्रमों को और अधिक व्यापक स्तर पर आयोजित कर क्षेत्र के हर वर्ग को जोड़ने की योजना है। प्रदीप मिश्रा सरकार ने कहा कि जनसेवा और जनसंवाद उनकी प्राथमिकता है और इसी उद्देश्य से आगे भी लगातार सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।

# जनपद में किशोरियों को सशक्तबनाने की हुई पहल

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। महिला एवं बाल विकास विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार एवं मिलान संस्था के संयुक्त प्रयास से गुरुवार को विकास भवन सभागार में एकी.त बाल विकास सेवा योजना के अंतर्गत किशोरी जीवन कौशल एवं नेतृत्व विकास कार्यक्रम का जिला स्तरीय शुभारंभ किया गया। मिलान संस्था के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य जिले की किशोरियों को शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और नेतृत्व क्षमता से सशक्त बनाना है। यह पहल भारत सरकार के आकांक्षात्मक जिला कार्यक्रम के अंतर्गत चिन्हित जिलों में संचालित की जा रही है, जिसमें बहराइच, श्रावस्ती और बलरामपुर शामिल हैं। कार्यक्रम के माध्यम से 11 से 18 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों की नियमित सहभागिता को मजबूत किया जाएगा, ताकि वे शिक्षा से जुड़ी रहें, अपने स्वास्थ्य और पोषण के प्रति जागरूक हों और जीवन कौशल व नेतृत्व क्षमता विकसित कर सकें। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चंद्र ने कहा कि किशोरियों में निवेश समाज के सतत विकास की नींव है। उन्होंने कहा




कि जब लड़कियाँ शिक्षित, स्वस्थ और आत्मनिर्भर बनती हैं तो उसका प्रभाव पूरे परिवार और समुदाय पर पड़ता है, जिससे मानव विकास सूचकांकों में भी सुधार आता है। उन्होंने बताया यह कार्यक्रम आंगनवाड़ी केंद्रों के जरिए ही चलाया जाएगा। गाँवों में किशोरियों के छोटे–छोटे सुरक्षित समूह बनाए जाएंगे, जहाँ उन्हें पढ़ाई, स्वास्थ्य, पोषण और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को भी बेहतर प्रशिक्षण मिलेगा और महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, मिशन शक्ति जैसे विभाग मिलकर काम करेंगे। इसका मकसद नई व्यवस्था बनाने के बजाय पहले से चल रही व्यवस्था को मजबूत करना है, ताकि कार्यक्रम लंबे समय तक चलता रहे। कार्यशाला के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी निहारिका विश्वकर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत किशोरियों की शिक्षा में निरंतरता, स्वास्थ्य एवं पोषण जागरूकता, जीवन कौशल विकास, बाल विवाह की रोकथाम तथा सरकारी योजनाओं से जोड़ने पर विशेष फोकस किया जाएगा। उन्होंने कन्या सुमंगला योजना सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं से पात्र किशोरियों को जोड़ने पर भी बल दिया। मिलान संस्था की कंट्री डायरेक्टर स्वाहा साहू ने बताया कि संस्था महिला एवं बाल विकास विभाग को तकनीकी सहयोग प्रदान कर रही है, जिसमें कार्यक्रम डिजाइन, क्षमता निर्माण और प्रभावी क्रियान्वयन शामिल है। वहीं एसोसिएट डायरेक्टर जावेद अब्बास ने कार्यक्रम की रणनीति और जमीनी स्तर पर इसके प्रभाव की रूपरेखा साझा की। कार्यक्रम में जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, आईसीडीएस कर्मी, स्वास्थ्य व शिक्षा विभाग, मिशन शक्ति तथा मिलान संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# शांति भंग के आरोप में छह अभियुक्त गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध व अपराधियों के रोकथाम व शांति व्यवस्था कायम रखने व शांति व्यवस्था भंग करने वाले व्यक्तियों की गिरतारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक



ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी के कुशल नेतृत्व प्रभारी निरीक्षक रुपईडीहा रमेश सिंह रावत के कुशल नेतृत्व में हमारा पुलिस बल द्वारा ग्राम में थाना रुपईडीहा वीडियो बनाने की बात को लेकर प्रथम पक्ष के धनीराम पुत्र तिलक राम निवासी लखैया घनश्याम पुत्र रामनिवास निवासी लखैया शिवकुमार पुत्र रामनिवास गुड्डू पुत्र कासिम खान निवासी बनकुरी थाना सैफुद्दीन पुत्र कमरुद्दीन ग्राम बनकुरी इजहार अहमद पुत्र जाकिर खान निवासी रिसीया मैला रविदास नगर थाना रिसीया हाल मुकाम बनकुरी थाना रुपईडीहा विवाद एवं शांति व्यवस्था भंग किया जा सकता है। शांत व्यवस्था के .ष्टिगत विपक्षी गण उपरोक्त को अंतर्गत धारा 170 बीएनएस की कार्रवाई कर न्यायालय रवाना किया गया।

# जेल प्रीमियर लीग का हुआ शुभारम्भ

न्यूज वाणी ब्यूरो



बहराइच। अधीक्षक जिला कारागार ने बताया कि जिला कारागार में निरूद्ध बंदियों द्वारा खेले जाने वाले जेल प्रीमियर लीग (जे.पी.एल.) का उदघाटन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विराट शिरोमणि द्वारा किया गया। जेल प्रीमियर लीग में कातर्नियां किंग, चित्तौरा वारियर्स, किंग इलेवन नानपारा, पयागपुर सुपर जायन्ट्स नाम से 04 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। प्रतियोगिता के उदघाटन अवसर पर जेल अधीक्षक राजीव कुमार सिंह, जेलर अजय कुमार झा, कारापाल माधुरी तिवारी व रंजीत सिंह तथा कारागार कर्मी मौजूद रहे।

# जिला विज्ञान क्लब सुल्तानपुर ने बच्चों में जगाई वैज्ञानिक चेतना

न्यूज वाणी ब्यूरो

सुल्तानपुर। जिला विज्ञान क्लब द्वारा स्वच्छ पर्यावरण और स्वस्थ जीवन विषय पर आधारित वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कमला नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ चाइल्ड एजुकेशन करौंदिया में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, उत्तर प्रदेश के निर्देश व जिलाधिकारी कुमार हर्ष और मुख्य विकास अधिकारी विनय



कुमार सिंह के मार्गदर्शन में विज्ञान लोकप्रियकरण एवं संचार कार्यक्रम के अंतर्गत हुआ। कार्यक्रम में सह जिला विद्यालय निरीक्षक जटाशंकर यादव, प्रसिद्ध सर्जन डॉ. रमेश ओझा, पूर्व प्रधानाचार्य एस.बी. यादव, चिकित्सक डॉ. मनीष श्रीवास्तव, मेरठ से आई रिसोर्स पर्सन अंजली ढाका, जिला समन्वयक अखिलेश पांडेय एवं शैलेन्द्र चतुर्वेदी सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का शुभतिलक व बैज पहनाकर सम्मान किया गया। मां सरस्वती एवं बाबू केएन सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। सह जिला विद्यालय निरीक्षक जटाशंकर यादव ने आधुनिक विज्ञान की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए चंद्रयान, मंगलयान और आदित्य एल–1 जैसी उपलब्धियों का उल्लेख किया। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सहित महान वैज्ञानिकों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। पूर्व प्रधानाचार्य एसबी यादव ने पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए वृक्षारोपण, नदियों को प्रदूषण से बचाने और विश्व पर्यावरण दिवस के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने हिरोशिमा और नागासाकी पर परमाणु बम के दुष्परिणामों का उल्लेख कर पर्यावरण और जीवन रक्षा का संदेश दिया। रिसोर्स पर्सन अंजली ढाका ने लैक्टोमीटर द्वारा दूध की शुद्धता जांच, बीएमआई कैलकुलेशन, फास्ट फूड के दुष्प्रभाव तथा शुद्ध हल्दी की पहचान का प्रयोगात्मक प्रदर्शन कर छात्रों को जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान व अंग्रेजी विषयों के मॉडल, पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता में अंजली सिंह प्रथम, प्रतीक्षा यादव द्वितीय और अमृता गोस्वामी तृतीय रहीं। विज्ञान वर्किंग मॉडल में अभिषेक द्विवेदी प्रथम, दीपेश यादव द्वितीय और सुहाना श्रीवास्तव तृतीय स्थान पर रहीं। नॉन वर्किंग मॉडल में आर्या गर्गवंशी प्रथम, अनुष्का सिंह द्वितीय और अदिति सिंह तृतीय रहीं। विजेताओं को प्रधानाचार्य द्वारा प्रमाण पत्र व स्मृतिचिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला विज्ञान क्लब के शैलेन्द्र चतुर्वेदी ने किया। अंत में राष्ट्रपति पुरस्कार व डेरेजियो पुरस्कार से सम्मानित प्रधानाचार्य डॉ. एन.डी. सिंह ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय की समन्वयक रेनू सिंह सहित सभी शिक्षक–शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

# 9 वीं पुण्यतिथि पर जरूरतमंदों व मदरसा छात्रों को ओढ़ाई राहत की चादर

## - भीषण ठंड में सवैया हसन गांव बना सेवा का केंद्र, हर आंख ने दी दुआएं

न्यूज वाणी ब्यूरो

रायबरेली, ऊंचाहार। कड़ाके की ठंड और हाड़ कंपा देने वाली शीतलहर के बीच रायबरेली के सवैया हसन गांव में मानवता की एक ऐसी तस्वीर देखने को मिली, जिसने पूरे क्षेत्र का दिल जीत लिया। पत्रकार और समाजसेवी जुबैर खान ने अपने पिता की 9 वीं पुण्यतिथि को महज एक रस्म नहीं, बल्कि सेवा के महाकुंभ के रूप में मनाया। शुक्रवार को उनके आवास पर आयोजित विशाल कार्यक्रम में 500 से अधिक लोगों को कम्बल वितरित कर ठंड से बड़ी राहत दी गई। मदरसा छात्रों और गरीबों का बना सहारा जुबैर खान की दरियादिली केवल गांव तक सीमित नहीं रही। उन्होंने गांव स्थित मदरसा नईमिया में दूर–दराज से तालीम हासिल करने आए बाहरी छात्रों (तालिबे इल्म) की सुध ली। घर–परिवार से दूर रहकर पढ़ाई कर रहे इन छात्रों को जब जुबैर खान ने अपने हाथों से गर्म कम्बल ओढ़ाए, तो उनके चेहरों पर सुकून की मुस्कान तैर गई। इसके अलावा क्षेत्र के गरीब, असहाय, दिव्यांग और विधवा महिलाओं को भी प्राथमिकता के आधार पर कम्बल दिए गए। कुल मिलाकर 500 से अधिक कम्बलों का वितरण कर समाज सेवा की एक बड़ी लकीर खींची गई। रगों में है समाज सेवा का जुनून जुबैर खान, जो पूर्व में अपनी ग्राम सभा से प्रधान पद का चुनाव लड़ चुके हैं, क्षेत्र में अपनी निस्वार्थ सेवा के लिए पहचाने जाते हैं। बचपन से ही उनके मन में गरीबों के प्रति करुणा का भाव रहा है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, यह कोई चुनावी स्टंट नहीं, बल्कि उनका वार्षिक नियम है। वे हर साल ठंड में गरीबों के लिए मसीहा बनकर आते हैं। कंबलों के अलावा, वे गुपचुप तरीके से गरीबों की आर्थिक मदद और राशन सामग्री देकर कई चूल्हों को बुझने से बचाते आ रहे हैं। समाज के प्रबुद्ध वर्ग ने की सराहना इस भव्य आयोजन और पुनीत कार्य की सराहना करने के लिए क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। शिक्षक संघ के अध्यक्ष दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि जुबैर खान का यह प्रयास समाज के लिए एक नजीर है। इस अवसर पर शिव प्रकाश साहू, रामफल साहू, प्रकाश अवस्थी, वसीम खान, सूबेदार खान, अब्दुल सत्तार खान, कामता प्रसाद मौर्य, केसर लाल मौर्य, राम अभिलेख मौर्य, राजेंद्र बहादुर सिंह, डॉ. इंद्रपाल मौर्य और पूर्व प्रधान छोटेलाल मौर्य



समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। जुबैर खान ने सिद्ध कर दिया है कि सच्ची श्रद्धांजलि किसी की तस्वीर पर माला चढ़ाने में नहीं, बल्कि किसी ठिठुरते शरीर को गर्म कपड़ा देने में है।

# तहसील शिकोहाबाद में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो/फिरोजाबाद। जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित की उपस्थिति में कल दिन शनिवार को तहसील शिकोहाबाद में प्रातः 10 बजे से अपराहन 2 बजे तक



सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया जायेगा। जिसमें जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहकर जनता की समस्यायें सुनेंगे और उनका निस्तारण करायेंगे। इसके अतिरिक्त जनपद की समस्त तहसील सभागार में भी सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन भी किया जाएगा, जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि प्रातः 10 बजे से सम्पूर्ण समाधान दिवस पर उपस्थित रहकर जन शिकायतों का प्रभावी निस्तारण करें इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी।

# 162 पात्र लाभार्थियों को सीएम आवास योजना ग्रामीण के तहत मिले प्रमाण पत्र

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को ध रातल पर उतारने और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सबका साथ–सबका विकास के संकल्प को साकार करने हेतु जिला प्रशासन ने जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में 162 पात्र लाभार्थियों को मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत पक्के घर के प्रमाण पत्र सौंपे पक्की छत का यह तोहफा निराश्रित महिलाओं, दिव्यांगों और वंचित समुदायों को प्रदान किया गया। जिससे उन्हें सुरक्षा और सामाजिक गरिमा दोनों मिल सके जिसमें पहली किस्त 40 हजार रूपये इनके खातें में पहुच चुकी है। नींव भराई के बाद दूसरी किस्त शीघ्र ही इनके



खातें मे प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर मॉडल आवास का उद्घाटन विधायक प्रेमपाल धनगर और भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने किया। इस मॉडल आवास को बनाने का उद्देश्य लाभार्थियों को यह दिखाना है कि किस प्रकार कम लागत में एक मजबूत सुंदर और सर्वसुविधा युक्त घर का निर्माण किया जा सकता है, विधायक ने उपस्थित लोगों से आह्वान किया कि वह अपने आवास का निर्माण इसी मानक गुणवत्ता के अनुरूप करें। इस अवसर पर बोलते हुए विधायक प्रेमपाल धनगर ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों के विपरीत वर्तमान शासन की योजनाएं बिना किसी भेदभाव और पूरी पारदर्शिता के साथ धरातल पर पहुंच रही हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि आज बिचौलियों की भूमिका समाप्त हो गई है और लाभार्थियों के हक का पैसा सीधे उनके खातों में पहुंच रहा है। प्रदेश में किसान, मजदूर और महिलाएं पूरी तरह सशक्त हो रही है। इस अवसर पर बोलते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अंत्योदय का सपना साकार हो रहा है, हर गरीब के सिर पर अपनी छत हो, इस लक्ष्य के साथ शासन और प्रशासन मिलकर काम कर रहे हैं। प्रमाण पत्र पाकर लाभार्थियों के चेहरे पर खुशी और उत्साह दोनों दिखाई दिया। इस अवसर पर लाभार्थी आरती देवी जो की विधवा हैं और आकलपुर दामोदरपुर की रहने वाली हैं। उन्होंने भावुक होकर कहा कि बरसात में हमेशा यह डर सताता रहता था, कि कहीं मेरा छप्पर गिर न जाए, परंतु मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी के प्रयासों से मेरा अपना पक्का घर होगा। यह मेरे लिए किसी अविस्मरणीय पल से कम नहीं है। इसी तरह एक दिव्यांग महावीर सिंह ने भी पक्का आवास मिलने पर खुशी जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री और जिलाधि ाकारी को कोटि–कोटि धन्यवाद दिया। इसी तरह आरती, हरीश प्रताप, भगवान देवी सुमन, सचिन, पुष्पा देवी, दीनू, राधेश्याम, जूली देवी को भी इस अवसर पर आवास प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख लक्ष्मी नारायण यादव, जसराना ब्लॉक प्रमुख संध्या लोधी, परियोजना निदेशक सुभाष चंद्र त्रिपाठी, डीसी मनरेगा सुभाष चंद्र और खंड विकास अधिकारी नवीन कुमार भी मौजूद रहें।

# दीवार काटकर घर में घुसे चोर, जेवरात व नकदी समेत बकरा भी ले उड़े

न्यूज वाणी ब्यूरो /रामपुर मथुरा, सीतापुर। जनपद के थाना रामपुर मथुरा क्षेत्र के कोठवल अचाकापुर गांव में बीती रात चोरों ने पुलिस के गश्ती दावों की पोल खोलते हुए एक बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। अज्ञात चोरों ने एक घर में नकब (सेंध) लगाकर लाखों का माल साफ कर दिया। हैरानी की बात यह है कि चोरों ने न केवल कीमती गहने और नकदी पर हाथ साफ किया, बल्कि घर में बंधा एक बकरा भी चोरी कर ले गए। जानकारी के मुताबिक कोठवल अचाकापुर निवासी धनपाल पुत्र नन्हू के परिवार पर रात करीब 2 से 3 बजे के बीच मुसीबत टूटी। चोरों ने घर के पीछे की दीवार में सेंध काटी और घर के अंदर प्रवेश कर गए। जब सुबह ग्रामीण शौच के लिए निकले, तब दीवार में बड़ा छेद देखकर उनके होश उड़ गए। करीब एक लाख का नुकसान, खेत में मिला खाली बक्सा पीड़ित धनपाल और उनकी पत्नी किरण के अनुसार, चोरों ने काफी इत्मीनान से घर खंगाला। चोरों ने लगभग 10,000 रुपये, सोने की नथुनी और चांदी की पायल, 12 कीमती साड़ियां और बच्चों के नए कपड़े एक बकरा पार कर दिया। चोर घर से सामान से भरा बक्सा उठाकर ले गए थे, जिसे उन्होंने गांव के बाहर एक खेत में फेंक दिया। सुबह ग्रामीणों ने इस खाली बक्से को बरामद किया। पीड़ित परिवार का अनुमान है कि कुल मिलाकर लगभग एक लाख रुपये की क्षति हुई है। ग्रामीणों में दहशत और आक्रोश इस घटना के बाद से पूरे गांव में भय का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि इलाके में चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं जिससे लोग अब अपने घरों में सोने से भी डर रहे हैं। ग्रामीणों ने पुलिस के प्रति रोष जताते हुए रात्रि गश्त बढ़ाने और दोषियों को जल्द से जल्द सलाखों के पीछे भेजने की मांग की है। पुलिस की कार्रवाई सूचना मिलते ही रामपुर मथुरा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि संदिग्धों की तलाश जारी है और जल्द ही इस मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।



# सदर विधायक एसआईआर अभियान को दी गति

## – जयसिंहपुर मंडल में बूथ स्तर तक हुआ मंथन

न्यूज वाणी ब्यूरो



सुल्तानपुर। सदर विध ाानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ब्लॉक मुख्यालय सभागार में जयसिंहपुर मंडल के गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक पारदर्शी, सटीक और त्रुटिरहित बनाना रहा। बैठक में सदर विधानसभा के विध ाायक राज प्रसाद उपाध्याय ब्लॉक प्रमुख राहुल शुक्ला एवं जिलामंत्री राजेश सिंह के मार्गदर्शन में सभी बूथ अध्यक्षों और बीएलओ के साथ विस्तृत एवं गंभीर चर्चा की गई। इस दौरान मतदाता सूची के शुद्धिकरण को लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। बैठक में विशेष रूप से नए पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने, अपात्र मतदाताओं के नाम हटाने, तथा नाम, पता, आयु आदि में मौजूद त्रुटियों के त्वरित सुधार पर जोर दिया गया। अधिकारियों और कार्यकर्ताओं को यह भी निर्देशित किया गया कि वे घर–घर सत्यापन कर वास्तविक स्थिति के अनुसार मतदाता सूची को अद्यतन करें ताकि कोई भी पात्र नागरिक अपने मताधि ाकार से वंचित न रह जाए। विधायक राजबाबू उपाध्याय एवं ब्लॉक प्रमुख राहुल शुक्ला ने कहा कि मजबूत लोकतंत्र की नींव शुद्ध और पारदर्शी मतदाता सूची पर ही टिकी होती है। उन्होंने सभी बूथ अध्यक्षों से अभियान को जिम्मेदारी और ईमानदारी के साथ पूरा करने का आह्वान किया। वहीं जिलामंत्री राजेश सिंह ने कहा कि गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान लोकतंत्र को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने के लिए हर स्तर पर सक्रिय भूमिका निभा रहा है। बैठक में मौजूद सभी बूथ अध्यक्षों और बीएलओ ने अभियान को सफल बनाने के लिए समन्वय के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। अंत में यह स्पष्ट किया गया कि निर्धारित समय–सीमा के भीतर सभी आवश्यक सुधार सुनिश्चित किए जाएंगे, ताकि आगामी चुनावों में एक शुद्ध, निष्पक्ष और भरोसेमंद मतदाता सूची तैयार हो सके।

# वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम में बाल वैज्ञानिकों ने दिखाई प्रतिभा

न्यूज वाणी ब्यूरो

शिकोहाबाद, फिरोजाबाद। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब के तत्वाधान में जिलाधिकारी रमेश रंजन, मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य एवं जिला विद्यालय निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार के निर्देशन में डीआर इंटर कॉलेज माध ाौगंज, शिकोहाबाद में राष्ट्रीय गणित दिवस के जनपद स्तरीय वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन प्रध ाानाचार्य ओम प्रकाश यादव एवं जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ विजय प्रताप सिंह यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, फिरोजाबाद, राजीव गुप्ता, प्रतिनिधि अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, शिकोहाबाद, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी .ष्ण मोहन सिंह, ओम प्रकाश यादव एवं अश्वनी कुमार जैन द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित करके किया गया। सभी अतिथियों ने सभी बाल वैज्ञानिकों के मॉडलों पोस्टरो का अवलोकन किया एवं उनके कार्यों की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



विजय प्रताप सिंह ने गणित के जादूगर देश के महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन को नमन करते हुए सभी बाल वैज्ञानिकों के गणित के मॉडलों एवं पोस्टरों की सराहना करते हुए जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन के कार्य की भूरि भूरि प्रशंसा की। राजीव गुप्ता ने जनपद के सभी बाल वैज्ञानिकों के कार्यो की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। .ष्ण मोहन सिंह ने सभी विद्यार्थियों को नवाचार के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही व्याख्यानकर्ता इंजीनियर अभिषेक एवं सौरव प्रकाश द्वारा देश के महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के कार्यो एवं गणित विषय पर जनपद के विभिन्न विद्यालयोंके 270 विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान की गई। अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि इस वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न विद्यालयों के छात्र–छात्राओं ने गणितीय मॉडल प्रस्तुत किए। जिसमें कोणों के प्रकार, थ्री डी नेट शेप, ग्राफ इन्वर्स, ट्रिग्नोमेट्री पार्क, वर्ग विधि, वर्ग प्रमेय, इंटरसेक्शन ऑफ सेट, एलसीएम, नंबर सिस्टम, लाइन्स एंड एंगल्स आदि मॉडल प्रस्तुत किए। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने गणित पर विभिन्न आकर्षक पोस्टर प्रस्तुत किए। निर्णायक मंडल की भूमिका का निर्वहन दीपक ओहरी, संजय शर्मा और दिनेश चाहर ने किया। गणित मॉडल प्रदर्शनी में प्रथम स्थान नैतिक, द्वितीय स्थान हिमांशी एवं तृतीय स्थान रिषभ और रियांशु ने प्राप्त किया। गणित पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पल्लवी, द्वितीय स्थान स्वेता एवं तृतीय स्थान अभय भारती और अनमोल ने प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों को जिला विज्ञान क्लब की ओर से प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन अश्वनी कुमार जैन ने किया। सभी अतिथियों का आभार प्रदर्शन विद्यालय के प्रधानाचार्य ओमप्रकाश यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में गौरव प्रकाश, दुन्द्रसेन यादव, शुभांकर यादव, अंकुश गुप्ता, भूपेंद्र सिंह, भगेन्द्र सिंह, प्रेमस्वरूप, अभय पचौरी, कीर्ति तेनगुरिया, अनीता यादव, हरगिन्द्र एवं समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# राशन कालाबाजारी की जांच से पहले कोटेदार फरार, गांव में हड़कंप

न्यूज वाणी ब्यूरो



सुल्तानपुर। कुड़वार विकास खंड के ग्राम मिठनेपुर में सरकारी राशन की कथित कालाबाजारी का मामला सामने आने के बाद प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है। जनवरी माह का राशन बेचने के आरोपों की जांच शुरू होते ही संबंधित कोटेदार फरार हो गया, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया है। शिकायत के आधार पर गठित जांच टीम जब गांव पहुंची तो राशन की दुकान पर ताला लटका मिला। आसपास के लोगों से पूछताछ में पता चला कि जांच की भनक लगते ही कोटेदार दुकान बंद कर मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों का आरोप है कि लंबे समय से राशन वितरण में गंभीर अनियमितताएं की जा रही थीं। कई पात्र कार्डधारकों को पूरा राशन नहीं दिया गया, जबकि कुछ लाभार्थियों को बिना राशन के ही लौटा दिया गया। जांच टीम ने मौके पर मौजूद कार्डधारकों के बयान दर्ज किए। अधिकारियों का कहना है कि प्रथम .ष्टया मामला गंभीर प्रतीत हो रहा है। आरोप सही पाए जाने पर कोटेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने, लाइसेंस निरस्तीकरण और सरकारी राशन की रिकवरी जैसी सख्त कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जांच पूरी होने तक किसी अन्य व्यक्ति को अस्थायी रूप से दुकान का प्रभार सौंपा जाए, ताकि पात्र गरीब परिवारों को राशन मिलने में कोई परेशानी न हो। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि जांच रिपोर्ट शीघ्र तैयार की जाएगी और दोषी पाए जाने पर किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। फिलहाल फरार कोटेदार की तलाश जारी है और पूरे मामले पर प्रशासन की कड़ी निगरानी बनी हुई

# न्यूज वाणी के जिला ब्यूरो चीफ को किया सम्मानित

न्यूज वाणी ब्यूरो /शिकोहाबाद, फिरोजाबाद। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब के तत्वाधान में जिलाधि ाकारी रमेश रंजन, मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य एवं जिला विद्यालय निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार के निर्देशन में डीआर इंटर कॉलेज माध ाौगंज, शिकोहाबाद में राष्ट्रीय गणित दिवस के जनपद स्तरीय वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन प्रधानाचार्य ओम प्रकाश यादव एवं जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में किया गया। जिसमें न्यूज वाणी ब्यूरो चीफ को पीत पटका पहन कर व स्मृति




चिन्ह देकर सुनील कुमार पालीवाल को सम्मानित किया गया।

# मैरिज होम संचालकों, पुजारियों व जनप्रतिनिधियों को कानून की दी जानकारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में बाल विवाह की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने, समुदाय स्तर पर शून्य सहनशीलता का वातावरण विकसित करने तथा कानूनों एवं सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के माध्यम से बालिकाओं एवं बालकों के अधिकारों की पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 27 नवम्बर से 08 मार्च तक संचालित 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत थाना एएचटी की संयुक्त टीम द्वारा थाना चौबिया क्षेत्रान्तर्गत जन–जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान विवाह आयोजनों से जुड़े मैरिज होम एवं बैंक्वेट हॉल के स्वामी, सभासद, बैंड संचालक, ग्राम प्रधान, हलवाई, मंडप संचालक तथा मंदिरों के पुजारियों को बाल विवाह की रोकथाम के संबंध में विस्तार से जागरूक किया गया। उन्हें बताया गया कि बाल विवाह एक दण्डनीय अपराध है तथा इसके प्रति शासन एवं प्रशासन की नीति शून्य सहनशीलता पर आधारित है। पुलिस टीम द्वारा उपस्थित लोगों को बाल विवाह निषेध कानून की जानकारी देते हुए अपील की गई कि यदि कहीं भी बाल विवाह की जानकारी प्राप्त हो, तो तत्काल पुलिस या संबंधित अधिकारियों को सूचित करें, ताकि समय रहते कार्रवाई कर बालक–बालिकाओं का भविष्य सुरक्षित किया जा सके। उक्त अभियान में थाना चौबिया पुलिस, विशेष किशोर पुलिस इकाई प्रभारी, थाना एएचटी टीम तथा बाल संरक्षण अधिकारी उपस्थित रहे। अभियान का उद्देश्य समाज में बाल विवाह जैसी कुरीति के प्रति जागरूकता बढ़ाना, लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करना तथा बालक–बालिकाओं को सुरक्षित, शिक्षित एवं सशक्त भविष्य प्रदान करना रहा।



# महिला सुरक्षा व सशक्तिकरण की दिशा में प्रभावी पहल

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मिशन शक्ति चरण 5.0 के अंतर्गत थाना इकदिल पर गठित महिला मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना इकदिल क्षेत्रान्तर्गत जाकर जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति के तहत पंपलेट वितरित किए गए। उन्हें महिला सुरक्षा, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता एवं साइबर अपराध से बचाव के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर महिलाओं व बालिकाओं को महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों एवं सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं के विषय में जागरूक किया गया। जिससे वे किसी भी आपात स्थिति में त्वरित सहायता प्राप्त कर सकें। सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर अपने एवं अपने परिवार के जीवन को सुरक्षित एवं बेहतर बना सकें। महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा एवं एंबुलेंस 102, 108, महिला पावर लाइन 1090, बाल सहायता हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री जनसुनवाई हेल्पलाइन 1076, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930, घरेलू रसोई गैस रिसाव हेल्पलाइन 1906, उपभोक्ता अधिकार हेल्पलाइन 1915। महत्वपूर्ण सरकारी योजनाएँ– विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, नशा मुक्ति भारत अभियान, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, प्रधानमंत्री छात्रवृत्ति योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना। महिला मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को यह संदेश दिया गया कि स्वस्थ और सतर्क रहना ही वास्तविक सुरक्षा है, साथ ही छात्र–छात्राओं को पढ़ाई को प्राथमिकता देने, सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने, तथा प्राप्त जानकारी को अपने परिवार, रिश्तेदारों एवं समाज के अन्य लोगों के साथ साझा करने की अपील की गई। अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को सशक्त, आत्मनिर्भर, जागरूक एवं सुरक्षित बनाना रहा, ताकि वे किसी भी परिस्थिति में बिना भय के सहायता प्राप्त कर सकें।



# ताइक्वांडो चैंपियनशिप के लिए जिले से खिलाड़ी रवाना

## – अध्यक्ष ने विजय तिलक लगाकर दी शुभकामनाएं

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। ताइक्वांडो एसोसिएशन ऑफ फतेहपुर के अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा ने 8 जी इंडिया ओपन इंटरनेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप के लिए जनपद के पांच उत्.ष्ट ताइक्वांडो खिलाड़ियों को विजय तिलक लगाकर पुष्पहार पहनाकर मिष्ठान खिलाकर 16 से 18 जनवरी तक देहरादून मे होने वाली ताइक्वांडो चैंपियनशिप प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए रेलमार्ग से रवाना किया। श्री मेहरोत्रा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि शारीरिक शक्ति के साथ आत्मिक व मानसिक शक्ति विजय का वरदान है। जनपदवासियों का स्नेह व आशीर्वाद सभी ताइक्वांडो खिलाड़ियों के साथ है। देहरादून में होने वाली ओपेन ताइक्वांडो प्रतियोगिता में खिलाड़ी अंश यादव, मो. अली, मो. जावेद, अनुष्का यादव, रिचा राजपूत, टीम कोच राजकुमार प्रतिभाग करेंगे। विजय तिलक लगाने व शुभकामनाएं देने वालों में अंतर्राष्ट्रीय ताइक्वांडो खिलाडी उत्कर्ष पटेल, राष्ट्रीय ताइक्वांडो खिलाड़ी शिवकुमार, राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी आदित्यांश सिंह के अलावा अभिभावक उपस्थित रहें।

# घाट संध्या कार्यक्रम में प्रस्तुति देंगी भातखंडे विश्वविद्यालय की छात्रा उपासना

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखनऊ। भातखंडे विश्वविद्यालय के लिए एक और गर्व का विषय आज उपासना भास्कर ने दिया है। यह कलाकार बनारस के अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम घाट संध्या व टीएफसी ऑडिटोरियम में अपनी प्रस्तुति देने जा रही हैं। उपासना ने इससे पहले भी भारत के कई महानगरों व सांस्.तिक रूप से समृद्ध शहरों में अपनी प्रस्तुतियां दी हैं जिसमे छत्तीसगढ के अलावा माहुरगढ महाराष्ट्र, कलकत्ता पश्चिम बंगाल, लखनऊ उत्तर प्रदेश, दिल्ली नासिक, लखीमपुर कई राज्यों के शहर शामिल हैं। अपने बनारस प्रवास के दौरान उपासना लखनऊ में रुकी जहां उन्होंने हमारे प्रतिनिधि से बात करते हुए कहा कि वह भातखंडे विश्वविद्यालय की छात्रा रही है और यहां पंडित राममोहन महाराज व विदुषी रुचि खरे के मार्गदर्शन में उन्होंने फर्स्ट डिवीजन में एमपीए किया। इस दौरान उन्हें विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर सुश्री मांडवी से भी आशीर्वाद मिला है वैसे वह 8 साल की उम्र से ही कत्थक की होकर रह गई। इसके बाद उन्होंने विद्याहरि देशपांडे से कथक की शिक्षा ली और फिर पंडित राम मोहन महाराज से कथक की उच्च शिक्षा प्राप्त की वहीं ताल व लय की शिक्षा वे अभी भी पंडित मनुराज पचौरी से ले रही है। अपने संगतकारो के संबंध में बात करते तो उन्होंने जानकारी दी कि गायन में उनके साथ वीरेंद्र साहू चल रहे हैं। आप श्री .ष्ण संगीत महाविद्यालय धमतरी के प्राचार्य है। आगे उन्होंने बताया कि उनके साथ तबले पर उनके ताल व लय गुरु पंडित मनुराज पचौरी संगत करेंगे उनकी तो देश भर में ख्याति है, उन्होंने तबले की शिक्षा 8 वर्ष की उम्र में अपने दादा स्वर्गीय पंडित उमाशंकर पचौरी जी से लेनी आरंभ की और फिर पंडित विवेक देशमुख से आपने तबले की उच्च शिक्षा प्राप्त की। आप पंडित विवेक देशमुख के गंडाबंध शिष्य हैं। आपको देश के बड़े–बड़े कत्थक कलाकारों के साथ तबला संगत का गौरव हासिल है, जिसमें पंडित मधुकर आनंद, विजया शर्मा, अनुराधा दुबे पियाली नंदी, पद्म श्री पंडित रामलाल जी आदि कई नाम शामिल है आज यह तीनों कलाकार बनारस घाट संध्या व टूरिज्म फेडरेशन के दो कार्यक्रमों में प्रस्तुतियाँ देने बनारस प्रस्थान कर रहे हैं। इनकी इस उपलब्धि पर वीसी भातखंडे विश्वविद्यालय सुश्री मांडवी सिंह, पंडित राममोहन महाराज, रूचि खरे, विकास मिश्रा, राकेश चौरसिया, जयशिका सिंह, वैभवलक्ष्मी आदि ने बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।




# पूर्व विधायक की पत्नी व आर्मी जवान के घर चोरी

## - एक लाख की नगदी व बीस लाख के जेवर ले उड़े चोर
## - आर्मी जवान के घर से बच्चों के जेवर, लाही व सिलेंडर चोरी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिले के अलग अलग थाना क्षेत्रों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर चोर नगदी और लाखों के जेवरात लेकर रफूचक्कर हो गए। चोरों ने पूर्व विधायक की पत्नी और आर्मी जवान के घर का ताला तोड़ नगदी समेत लाखों के जेवरात पार कर दिए। घटना की जानकारी होने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच जांच की है। ललौली थाना क्षेत्र के कीर्तिखेड़ा गांव निवासी पूर्व विधायक की पत्नी और पूर्व जिला पंचायत सदस्य केसर सिंह चौहान गुरुवार रात खाना खाने के बाद अपने कमरे में सो गई थी। तभी देर रात चोरों ने मकान के पीछे की दीवार से दूसरे खंड की छत में चढ़कर सीसीटीवी कैमरे के तार काट दिए। कैमरे बंद करने के बाद जीने के रास्ते मकान के अंदर दाखिल हुए। चोरों ने दूसरे खंड में स्थित कमरे का ताला तोड़ दिया। जब चोरों को वहां कुछ नहीं मिला तो जीने के रास्ते मकान के प्रथम तल में दाखिल हुए। दूसरे कमरे में रखी दो अलमारियों के लाकर तोड़कर एक अलमारी में रखे एक लाख रुपए और दूसरी अलमारी में रखे लगभग बीस लाख रुपए सोने के जेवरात चोर चुरा ले गए। थाना प्रभारी ललौली शमशेर बहादुर सिंह बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। घटना का जल्द खुलासा किया जाएगा। इधर सदर कोतवाली क्षेत्र के साईं बिहार कालोनी निवासी आर्मी जवान संजीत तिवारी मकर संक्रांति के पर्व पर परिवार सहित अपने गांव मलवां थाना क्षेत्र के सिकरोढी गए हुए थे। गुरुवार की रात चोरों ने घर का ताला तोड़कर पर्स में रखे बच्चों के चांदी के कड़े, पायल, सोने की चेन, एक बोरी लाही और गैस सिलेंडर चुरा ले गए। सुबह गांव से वापस आने पर घटना की जानकारी हुई। पुलिस ने मौके पर पहुंच घटना की जांच की है। आर्मी जवान ने कोतवाली में तहरीर दी है।

# जागरूक नागरिक संगठन ने मकर संक्रांति पर्व पर किया आत्मीय मिलन

न्यूज वाणी ब्यूरो



इटावा। जागरूक नागरिक संगठन के सदस्यों ने मकर संक्रांति पर्व के उपलक्ष में संगठन के उपाध्यक्ष महेंद्र कुमार पांडे के आवास पर आत्मीय मिलन कर एक दूसरे को पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। संगठन के महासचिव सविका धर्मलाल चतुर्वेदी ने कहा कि सूर्य का मकर राशि में प्रवेश प्र.ति और हम सभी मनुष्यों के जीवन में उल्लास और प्रसन्नता का नव संचार करता है, और सूर्य के प्रकाश के तेज व उसकी गर्मी से शीत के प्रभाव से लोगों को राहत मिलती है। और चूंकि भारतीय संस्.ति सामाजिक समरसता से जुड़ी हुई है, इसलिए हमारे संगठन के कुछ प्रमुख लोगों ने मकर संक्रांति पर यह आत्मीय मिलन बैठक कर समरसता की उसी परम्परा का निर्वहन किया है। इस अवसर पर आयोजक महेंद्र कुमार पांडे ने सभी को मूंगफली, मुरमुरे, गुड़ की चाय और गरमागरम समोसे खिलाकर स्वागत किया। इस आत्मीय मिलन बैठक में संगठन के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार शर्मा एडवोकेट, आशाराम चौधरी एडवोकेट, राघवेंद्र पुजारी, बृजेंद्र बहादुर राजपूत एडवोकेट, पूर्व सैन्य अधिकारी रामचंद्र वर्मा, संतोष कुमार शुक्ला एडवोकेट, प्रेम किशोर द्विवेदी, रघुवीर यादव, सुधीर मिश्र विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# भाजपाईयों ने डोर-टू-डोर संपर्क कर फर्श्म-6 भरवाकर नए वोटर जोड़े

## - 18 वर्ष पूर्ण कर चुके युवाओं को वोटर सूची से जोड़ने पर जोर

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मतदाता सूची जारी होने के बाद प्रदेशभर में मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान (विशेष संक्षिप्त



पुनरीक्षण) का द्वितीय चरण प्रारम्भ हो चुका है। इसी क्रम में नो मैपिंग वाले मतदाताओं के घरों पर प्रशासन द्वारा नोटिस देने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता नए मतदाता जोड़ने के अभियान में सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। इसी क्रम में जनपद प्रवासी एवं औरैया के पूर्व जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता के साथ भर्थना विधानसभा क्षेत्र की लखना नगर पंचायत अंतर्गत बूथ संख्या 283, 284, 285, 286, 287, 288, 289, 290, 291 एवं 292 पर डोर–टू–डोर जनसंपर्क कर फॉर्म–6 भरवाए गए तथा नए मतदाताओं को वोटर सूची में जोड़ा गया। भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के निर्देशानुसार जनपद संगठन द्वारा 16 जनवरी से 18 जनवरी तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवक एवं युवतियों के नाम मतदाता सूची में शामिल कराए जा रहे हैं। एसआईआर जनपद प्रभारी एवं औरैया के पूर्व जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता ने पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे अपने–अपने बूथों पर त्रिदेव (बूथ अध्यक्ष, बूथ प्रवासी एवं बूथ प्रभारी) के साथ मिलकर सघन जनसंपर्क करें तथा नवयुवकों एवं नवयुवतियों के वोट बनवाने को प्राथमिकता दें। वहीं सदर विधायक सरिता भदौरिया ने सदर विधानसभा क्षेत्र के द्वितीय मंडल अंतर्गत जनता इंटर कॉलेज शक्तिकेंद्र के बूथ संख्या 173, 174, 175, 176 एवं 177 पर मौजूद रहकर नए वोट बनवाए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि जिन मतदाताओं के नाम एएसडी सूची में शामिल किए गए हैं अथवा जिनके घरों पर नोटिस पहुंचे हैं, उनके वैध दस्तावेज जमा कराकर वोट सुरक्षित कराने का कार्य किया जाए, साथ ही नए मतदाताओं के फॉर्म.6 भरवाकर वोट बनवाए जाएं। इस अभियान में भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता के नेतृत्व में विधायक, पूर्व सांसद, सांसद, ब्लॉक प्रमुख, सभासद, जिला पदाधिकारी, मोर्चा अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, शक्तिकेंद्र संयोजक, बूथ अध्यक्ष सहित संगठन का प्रत्येक कार्यकर्ता अपने–अपने प्रभार वाले बूथों पर उपस्थित रहा और अभियान को सफल बनाने में जुटा रहा।

# ग्राम चौपाल लगा सुनीं समस्याएं

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। विकास खण्ड धाता के कोट गांव में शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में विभागीय अधिकारियों ने ग्रामीणों की व्यक्तिगत एवं सामूहिक समस्याएं सुनीं। चौपाल में ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। अधिकारियों के समक्ष आधार, राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन, सड़क, नाली व जलभराव जैसी मुख्य समस्याएं रखीं। अधिकारियों ने सभी शिकायतों को सुन समाधान का आश्वासन देते हुए संबंधित विभाग को निर्देशित किया और पात्र लाभार्थियों को आवेदन करने को कहा। अधिकारियों ने ग्राम चौपाल के माध्यम से जन–कल्याणकारी योजनाएं वृद्धा पेंशन, राशन कार्ड, विकलांग पेंशन जैसी मुख्य जानकारी दी। कार्यक्रम में ब्लॉक के समस्त प्रशासनिक अधिकारी बीडीओ, एडीओ पंचायत, सचिव लवलेश कुमार, प्रधान प्रतिनिधि मसर्रत अली, कोटेदार बलाग़त अली, आशा बहुएं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व बड़ी संख्या मे ग्रामीण मौजूद रहे।



# डायल 112 पीआरवी पर तैनात सिपाही हर्षित की मौत

## – नेशनल हाईवे पर कोकपुरा के पास हादसा

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में एक बार फिर तेज रतार ने एक होनहार पुलिस कर्मी की जान ले ली। थाना फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्रान्तर्गत नेशनल हाईवे पर कोकपुरा के पास हुए दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार सिपाही हर्षित मलिक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक सिपाही हर्षित मलिक, थाना बसरेहर में डायल 112



पीआरवी पर तैनात थे। बताया गया कि तेज रतार ट्रक ने बाइक सवार सिपाही को कुचल दिया, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि आसपास के लोग सहम गए और मौके पर अफरा–तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आरोपी ट्रक को कब्जे में लेते हुए ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया है तथा उससे पूछताछ की जा रही है। मृतक सिपाही के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। बताया गया कि सिपाही हर्षित मलिक जनपद शामली के निवासी थे। वे अपने परिवार में तीन भाइयों में सबसे छोटे थे। उनकी असमय और दर्दनाक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। जवान बेटे की मौत की खबर मिलते ही परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। इस हृदयविदारक घटना से न केवल पुलिस विभाग बल्कि पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल व्याप्त है। साथी पुलिसकर्मियों ने हर्षित मलिक को कर्तव्यनिष्ठ, अनुशासित और जिम्मेदार सिपाही बताते हुए गहरी संवेदना व्यक्त की है।

# स्कूल वैन में ट्रक ने मारी टक्कर, छह बच्चे घायल, चालक की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो /मैनपुरी। थाना कुरावली क्षेत्र के नगला आंध्रा बीकेजी एजुकेशन एकेडमी के बच्चे स्कूल वैन में सवार होकर स्कूल जा रहे थे। जैसे ही नगला गुसाई के पास पहुंचे तभी ट्रक ने वैन में टक्कर मार दी। जिसमें सवार स्कूल के 6 बच्चे और ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां से डॉक्टर ने हालत गंभीर देखते हुए चार बच्चों और ड्राइवर को जिला अस्पताल के लिए रेफर किया है। वहीं जिला अस्पताल पहुंचते ही उपचार के दौरान ड्राइवर मोहित पुत्र हरिभान सिंह निवासी सूरजपुर मनोना कुरावली की मौत हो गई। वही दो बच्चों की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल से सैफई पैरामेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। वहीं घटना की सूचना पाकर क्षेत्राधिकारी कुरावली सच्चिदानंद और अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राहुल मिठास ने जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना है और मामले में जांच कार्यवाही की बात कही है।



# बीएमसी चुनाव में जीत पर झूमे भाजपाई, दागे गोले, बांटी मिठाई

न्यूज वाणी ब्यूरो

ऊंचाहार, रायबरेली। महाराष्ट्र के बीएमसी चुनाव में भाजपा की जबरदस्त जीत पर भाजपाइयों ने जश्न मनाया। भाजपा ओबीसी मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री अभिलाष कौशल के कार्यालय पर गोले दागे गए और मिठाई बांटी गई। शुक्रवार को बीएमसी चुनाव परिणाम आते ही भाजपाई उल्लास में डूब गए। ओबीसी मोर्चा के प्रांतीय मंत्री ने कहा कि इस चुनाव परिणाम ने भाजपा कार्यकर्ताओं ने नए उत्साह का संचार किया है। उन्होंने कहा कि देश के हर शहर गांव में भाजपा के प्रति आम मतदाताओं का भरोसा दिनो दिन प्रगाढ़ होता जा रहा है। पूरे देश में विपक्ष के झूठे प्रचार को जनता नकार रही है और पीएम मोदी के प्रति विश्वास जता रही है। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी की और लोगों में लड्डू का वितरण किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से युवा मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री सुनील मौर्य, राजेंद्र सैनी, रामपाल गुप्ता, पंकज शुक्ल, विवेक अग्रहरि, पारस अग्रहरि, अरविंद शर्मा, विवेक श्रीवास्तव, विकास श्रीवास्तव, राकेश पासी और सुखलाल सैनी समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



# साम्प्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने की एसडीएम से शिकायत

## - पीड़ितों पर की गई कार्रवाई को समाप्त कर जांच कराकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। किशनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम एकौरा मजरे विजयीपुर में एक समुदाय के कुछ लोगों द्वारा सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करके साम्प्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने के किए जा रहे प्रयासों की शिकायत पीड़ितों ने उप जिलाधिकारी से करते हुए पीड़ितों पर की गई कार्रवाई को समाप्त कर जांच कराकर आरोपियों पर दण्डात्मक कार्रवाई किए जाने की मांग की। अधिवक्ता मो0 आसिफ के नेतृत्व में ग्राम एकौरा मजरे विजयीपुर के ग्रामीण कलेक्ट्रेट आए और उपजिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र सौंपकर बताया कि गांव के रहने वाले राहुल चौधरी पुत्र बिन्दा प्रसाद, प्रीति पत्नी राहुल चौधरी समेत चार से पांच लोग संयुक्त रूप से मिलकर आम जनमानस में साम्प्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने का काम करते हैं। मुस्लिम समाज पर अशोभनीय वीडियो बनाते हैं। जिसे सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हैं। जिसकी शिकायत उच्चाधिकारियों की गई थी। जिसमें पुलिस ने उल्टा पीड़ितों पर ही धारा 126/135 बीएनएस के अंतर्गत कार्रवाई कर चालान कर दिया। एसडीएम खागा से भी शिकायत दर्ज कराई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। पीड़ितों ने एसडीएम से मांग किया कि उन पर की गई धारा 126, 135 बीएनएस की कार्रवाई को समाप्त कर माहौल बिगाड़ने वाले लोगों की जांच कराकर दण्डात्मक कार्रवाई की जाए। इस मौके पर कृष्ण कुमार सिंह, रहमत अली, रामसजीवन, अर्जुन, साबिर, शिवबालक, बालकरन, पुत्तन, इसरार हुसैन, मो0 हनीफ, सुलेमान, बरकत आदि मौजूद रहे।



# सड़क सुरक्षा का रखेंगे ध्यान, तभी होगा जीवन साकार

## - महिला महाविद्यालय से निकली सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 राजेश कुमार यादव के कुशल नेतृत्व व रोड सेटी क्लब व रेंजर्स समिति के संयुक्त तत्ववधान में प्रभारी डॉ0 अनुष्का छौंकर के कुशल दिशा निर्देशन में सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का मुख्य उद्देश्य सड़क पर चलने वाले वाहन चालकों एवं आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक करना रहा। रैली कॉलेज से शुरू होकर आईटीआई रोड से होते हुए वर्मा चौराहे तक निकाली गई और कॉलेज पर आकर समाप्त हुई। रैली में स्वयंसेविकाओं ने सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न नारों के माध्यम से लोगों को सावधानीपूर्वक वाहन चलाने और यातायात नियमों का पालन करने का संदेश दिया। प्रमुख नारों में सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा, सावधानी हटी, दुर्घटना घटी, सड़क सुरक्षा का रखेंगे ध्यान, तभी होगा जीवन साकार जैसे प्रेरणादायक नारे शामिल रहे। जिनके माध्यम से राहगीरों को जागरूक किया गया। जागरूकता रैली में रेंजर्स, रोड सेटी क्लब, एनसीसी, एनएसएस की छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम को सफल बनाया। छात्राओं ने अनुशासनपूर्वक रैली निकालकर समाज को यह संदेश दिया कि सड़क सुरक्षा हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 यादव ने छात्राओं के प्रयासों की सराहना की और कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर एनएसएस प्रभारी प्रो0 लक्ष्मीना भारती, सड़क सुरक्षा क्लब तथा रेंजर्स प्रभारी डॉ0 अनुष्का छौंकर, प्रो0 शकुंतला, प्रो0 प्रशांत द्विवेदी, डॉ0 चारू मिश्रा, डॉ0 मधुलिका श्रीवास्तव, डॉ0 राज कुमार, आनंद नाथ के अलावा समस्त प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। रैली के समापन पर सभी ने सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने का संकल्प लिया।




## उत्तर मध्य रेलवे

टेण्डर संख्या-230-वि0/क0वि0/प्रयागराज/ई टेण्डर/2026/610 दिनांक : 14.01.2026

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता/क0वि0/उ0म0रे0/प्रयागराज, द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्न कार्य हेतु ई निविदा आमंत्रित की जाती है। जिनका विवरण निम्न प्रकार है-

| | |
|---|---|
| निविदा सं0 : 230-क0वि0-कार्य ठेका-999-2026 | अनुमानित लागत : रू0 96,00,182.59 |
| कार्य का विवरण : प्रयागराज मंडल के बिदनपुर (BDNP) और कटोघन (KTCE) स्टेशन पर 3.10M चौड़े नए FOB के प्रावधान के कारण 25 केवी ओएचई में संशोधन का कार्य। | |
| बिड सुरक्षा राशि : रू0. 1,92,000.00 | कार्य अवधि : 12 महीना |
| बोली प्रणाली : एक पैकेट | निविदा बन्द होने की तिथि तथा समय : 05.02.2026, 14:00 बजे |
| निविदा खुलने की तिथि तथा समय : 05.02.2026, 15:00 बजे | |

नोट :- 1. उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) बेवसाइट www.ireps.gov.in पर निविदा खोलने की तिथि से 21 दिन पहले से उपलब्ध होगा। 2. उपरोक्त निविदा में ई.बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत कराये। 3. किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए IREPS की वेबसाइट की हेल्प लाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। 94/26 (C)

@CPRONCR North central railways cproncrly CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in





# ट्रायल मैच के लिए करें आवेदन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के सेक्रेटरी व यूपीसीए के डायरेक्टर रियासत अली ने बताया कि 2026–27 सत्र के यूपीसीए के ट्रायल्स, टूर्नामेंट एवं ट्रायल मैच के रजिस्ट्रेशन के आवेदन बीते दस जनवरी से प्रारंभ हैं। आवेदन करने के लिए क्रिकेट खिलाड़ियों को रजिस्ट्रेशन डाट यूपीसीए डाट टीवी के लिंक पर जाकर करना है। उन्होने बताया कि फतेहपुर के क्रिकेट खिलाड़ी अधिक जानकारी के लिए फतेहपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के कोच व मैनेजर मोहम्मद नूर के मोबाइल नं0 8960143514 पर संपर्क कर सकते हैं।

# सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पहुर महरहा रोड़ पर गुरूवार की शाम बाइक से आ रहे 50 वर्षीय अधेड़ को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए गोपालगंज सीएचसी लाये। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार बिन्दकी कस्बा निवासी ओम प्रकाश का पुत्र सुरेन्द्र गुरूवार की शाम कानपुर से बाइक द्वारा घर आ रहा था। जब वह कल्यानपुर थाने के पहुर महरहा रोड़ पर पहुंचा तभी पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने घायल को सराकरी एम्बुलेंस द्वारा उपचार के लिए गोपालगंज सीएचसी पहुंचा जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।

# संदिग्ध अवस्था में फांसी लगा युवती ने दी जान

## – मृतका के पिता ने लगाया हत्या का आरोप

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम उमर गहना में गुरूवार की शाम संदिग्ध अवस्था में 18 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। वहीं मृतका के परिजनों ने गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगा। जानकारी के अनुसार बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के कोरईयां गांव निवासी रामसागर की पुत्री कोमल ने एक वर्ष पूर्व विकास से प्रेम विवाह किया था। बताते है कि गुरूवार की शाम उसने संदिग्ध अवस्था में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतका का पिता रामसागर ने बताया कि उसकी पुत्री ने प्रेम विवाह किया था। शादी के कुछ महीनों बाद ससुरालीजन दहेज की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर उसकी पुत्री गला दबाकर हत्या कर दी और आत्महत्या का रूप देने लिए शव को फांसी पर लटका दिया। वहीं पुलिस ने का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत का कारण ज्ञात हो सकेगा।

# युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। थाना सुल्तानपुर घोष क्षेत्र के बेंचू का पुरवा मजरे करमेपुर में एक विवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर जान दे दी। इंस्पेक्टर तेज बहादुर सिंह के नेतृत्व में मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मायके पक्ष के परिजनों के आने की बात कहकर कुछ देर तक पुलिस को शव नहीं उठाने दिया गया। घटना के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए। मृतका का पति गुजरात में रहता है। पति–पत्नी के बीच मोबाइल से बातचीत हुई और इसके बाद यह घटना घटित हो गई। जानकारी के अनुसार उक्त गांव में रामबाबू पटेल की पत्नी 26 वर्षीया प्रतिभा पटेल ने अज्ञात कारणों से साड़ी के फंदे से मौत को गले लगा लिया। मृतका का मायका बरगदहा टेनी थाना खागा है। मृतका के एक वर्ष का बेटा और तीन वर्ष की बेटी हैं। बताया जाता है कि गुजरात से मृतका के पति ने परिवार के लोगों को बताया कि घर जाइए आपकी बहू फांसी लगा लेगी। मृतका के सास ससुर उस समय प्लाट पर थे। सास और ससुर जब घर पहुंचे तो अंदर से दरवाजा बंद था। खिड़की से देखा गया तो प्रतिभा पटेल का शव फंदे से झूल रहा था।

# मारपीट किए जाने की डीएम से शिकायत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। दरवाजे के सामने कुएं की जगत में जबरन दीवार खड़ी करने से मना करने पर महिला के साथ मारपीट की गई। जिसकी षिकायत लेकर पीड़िता कलेक्ट्रेट पहुंची और डीएम को एक शिकायती पत्र सौंपकर कार्रवाई



किए जाने की गुहार लगाई। किषनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कछरा निवासी विनीता देवी पत्नी रामलाल निर्मल ने डीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि 17 दिसंबर को उसके दरवाजे के सामने कुएं की जगत में गांव के ही कैरा प्रजापति, सूरजभान प्रजापति, लोटन प्रजापति, सुखदेइया प्रजापति आदि दीवार खड़ी कर रहे थे। जब उसने मना किया तो उक्त लोगों ने गाली–गलौज कर मारपीट की। किशनपुर थाने में शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उल्टा पति के विरूद्ध प्रध ाानपति वीरमान सिंह पटेल ने पुलिस से मिलकर चालान करा दिया। जबकि उसके पति छह से पूना महाराष्ट्र में हैं। पीड़िता ने डीएम से मामले की जांच कराकर अभियुक्तों पर कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई।

# जहरीला पदार्थ खाने से महिला की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिंदकी, फतेहपुर। पति से झगड़ कर संदिग्ध अवस्था में जहरीला पदार्थ खा लिया महिला की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेज करके आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के दरबेशाबाद गांव में प्रीति देवी (28) पत्नी हरिकेश की मौत हो गई। शुक्रवार को दोपहर मामले की जानकारी 112 पर दी गई जिसके चलते पुलिस मौके पर पहुंची। जानकारी पाते कोतवाली पुलिस भी पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने पूरे मामले में जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मृतक महिला के दो पुत्री आरसी देवी (7) व शिवाजंलि (3) है। बताया जाता महिला और उसके पति हरिकेश के बीच कई दिनों से विवाद चल रहा था। महिला ने पति के खिलाफ मारपीट की शिकायत पुलिस से किया था। पुलिस ने पति के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की थी जिस पर संदिग्ध अवस्था में दिवंगत ने जहरीला पदार्थ खा लिया उसकी मौत हो गई।

# डीएम ने ब्लैक आउट मॉकड्रिल के आयोजन को लेकर की बैठक

## - अपनी-अपनी कार्य योजना बनाकर दायित्वों का निर्वहन करें विभागाध्यक्ष

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश दिवस 2026 के अवसर पर आगामी 23 जनवरी



को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में नागरिक सुरक्षा विभाग के आयोजित किए जाने वाले ब्लैक आउट माकड्रिल के सफल आयोजन कराने के संबंध में कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) ने ब्लैक आउट माकड्रिल के संबंध में निर्गत शासनादेश में आयोजित होने वाली गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिलाधिकारी ने कहा कि माकड्रिल से संबंधित विभाग अपनी–अपनी कार्य योजना बनाते हुए अपने–अपने दायित्वों के निर्वहन का निर्धारण भी करे एवं आपसी समन्वय, संसाधनों की उपलब्धता व आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशो का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। संबंधित विभाग आपस में समन्वय के साथ अपने–अपने कार्यो का समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से निर्वहन करते हुए सकारात्मक भूमिका निभाए। ब्लैक आउट मॉकड्रिल में आपदा मित्र, स्वयं सेवक, एनसीसी कैडेट, स्काउट गाईड को भी प्रतिभाग कराया जाये। साथ ही आपातकाल स्थिति में क्या करे क्या न करे के बारे में भी विस्तार से बताया जाये। उन्होंने कहा कि मॉकड्रिल के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, के लिए पूर्व में ही सभी तैयारियां और व्यवस्थाएं कर ली जाय। जनपद स्तर पर होने वाले ब्लैक आउट माकड्रिल आयोजन की जानकारी जनमानस को पूर्व में उपलब्ध कराई जाये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) डॉ अविनाश त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक, उप जिलाधिकारी सदर, खागा, जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, मुख्य अग्निशमन अधिकारी, तहसीलदार बिन्दकी, नायब तहसीलदार सहित संबंधित उपस्थित रहे।

# दोहरा हत्याकांड : भाभी व एक युवक की चाकू से की हत्या

## - हमले में बहन की हालत नाजुक, कानपुर रेफर

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र हसवा गांव में शुक्रवार को दिन–दहाड़े एक सनकी युवक ने चाकू से प्रहार एक जंगल में हत्या करने के बाद अपनी भाभी व बहन पर चाकू प्रहार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायलावस्था में जिला अस्पताल पहुंचते ही भाभी ने दम तोड़ दिया, जबकि बहन कानपुर के अस्पताल में जीवन–मौत से संघर्ष कर रही है। हसवा गांव में हुए इस दोहरे हत्याकांड से पूरे इलाके में दहशत फैल गई। ग्रामीणों में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार थरियांव थाना क्षेत्र के हसवा गांव में सनकी युवक दिलदार ने घर में अपनी ही भाभी जिकरा परवीन (25) पर चाकू से धावा बोल दिया। बीच में आई अपनी खुद की बहन गांव के एक युवक और अपनी बहन मन्नू (23) पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। इससे पहले दिलदार ने गांव के समीप जंगल में फैजान (45) पर चाकू से हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। हमलावर की भाभी जीकरा परवीन और अपनी बहन मन्नू पर अचानक चाकू से हमला कर मरणासन्न कर दिया। गंभीर रूप से घायल जीकरा ने इलाज के दौरान जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया। वहीं हमले में घायल आरोपी की बहन मन्नू की हालत नाजुक बनी हुई है। जिसे बेहतर इलाज के लिए कानपुर रेफर किया गया है। घटना की सूचना मिलते ही गांव में अफरा–तफरी मच गई और पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया गई है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इससे पूरे मामले की जांच–पड़ताल में जुट गई है। फिलहाल पुलिस घटना के पीछे के कारणों की गहनता से जांच कर रही है। दोहरी हत्या की इस वारदात ने सभी को झकझोर कर रख दिया है।

bu I/V&

## भाभी के अवैध संबंध को लेकर घटना को दिया अंजाम

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने हसवा कस्बे में हुई घटना को लेकर बताया कि हत्यारे युवक दिलदार के अनुसार उसकी भाभी जिकरा



परवीन व दोस्त फैजान का अवैध संबंध था। जिसमें उसकी बहन मन्नू भाभी का साथ देती थी। अवैध संबंधों की जानकारी उसको हो गई थी। जिस पर उसने पहले जंगल में फैजान पर चाकू से हमला कर उसकी हत्या कर दी और बाद में घर पहुंचकर भाभी पर हमला कर दिया। बीच–बचाव करने आई बहन को भी चाकुओं से गोद डाला। जिसमें फैजान व भाभी जिकरा परवीन की मौत हो गई। जबकि गंभीर अवस्था में हत्यारे की बहन मन्नू को उपचार के लिए कानपुर रेफर किया गया है। हत्यारे ने चौकी पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया है। जिससे पूछताछ की जा रही है।

# सिद्धार्थ कोरी ने कार्यकर्ताओं संग सपा का थामा दामन

## - सांसद समेत सपाईयों ने सदस्यता दिलाकर किया स्वागत
## - पार्टी की नीतियों व पीडीए को बुलंद करने का लिया संकल्प

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय में बैठक का आयोजन



किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सांसद नरेश उत्तम पटेल ने शिरकत की। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह यादव ने की। कई वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में कोरी समाज के सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ इंजी. सिद्धार्थ कोरी ने पार्टी की सदस्यता लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के पीडीए संकल्प पर चलने के लिए हुंकार भरी। इंजी. सिद्धार्थ कोरी ने विश्वास दिलाया कि कोरी समाज समाजवादी पार्टी के प्रति सदैव समर्पित रहेगा और पार्टी की नीतियों और पीडीए के बुलंद नारे को खागा विधानसभा से लेकर उत्तर प्रदेश से होते हुए पूरे भारत में आवाज को बुलंद करने का काम करेंगे। सांसद नरेश उत्तम पटेल ने इंजी. सिद्धार्थ कोरी की प्रशंसा करते हुए कार्यकर्ताओं को फूल मालाओं से स्वागत कर पार्टी में शामिल कराया और सदस्यता दिलाकर सदस्यता के महत्वपूर्ण बिंदुओं का उल्लेख किया। आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में किस प्रकार सरकार बनाने का काम करना है जोर देते हुए पीडीए के नारे को बुलंद किया। विश्वास दिलाया कि जिस प्रकार अखिलेश यादव ने कहा है कि हमारा एक–एक कार्यकर्ता अखिलेश यादव है ठीक इसी प्रकार प्रत्येक बूथ मजबूत करना है। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रवक्ता जगदीश सिंह उर्फ जालिम सिंह एडवोकेट, पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, पूर्व अध्यक्ष दलजीत निषाद, जिला महासचिव चौधरी मंजर यार, डीजी कुशवाहा, मनोज यादव, अंबेडकर वाहिनी के जिलाध्यक्ष डॉ अमित पाल, अनुसूचित प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सोनू वर्मा, लोहिया वाहिनी के देवेंद्र गौतम, रंजीत कोरी, सुनील कोरी, पितांबर लाल, अयोध्या प्रसाद, स्वयंवर लाल, राहुल, रमेश, मनोज, जियालाल, मोहनलाल, रामू, सुरेश कुमार, बच्चीलाल, दीपक कोरी, श्रीपाल, रविकरण, समर, राजेश, डॉ राम विशाल, जयराम कोरी, मनबोधन, श्रीपाल, भी उपस्थित रहे।

# डॉ. अमित सिंह को मिला अंतर्राष्ट्रीय सम्मान

## - वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स लंदन से हुए सम्मानित

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद के प्रख्यात पशु चिकित्सक डॉ. अमित सिंह चौहान ने अपनी मेधा और जीव–दया के संकल्प से अंतरराष्ट्रीय पटल पर जिले का मान बढ़ाया है। पशु–पक्षियों, विशेषकर विलुप्त हो रहे गिद्धों के संरक्षण में उनके अतुलनीय योगदान के लिए उन्हें वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स (लंदन) पुरस्कार से नवाजा गया है। शुक्रवार को इंटास फार्मा अहमदाबाद के औषधि विशेषज्ञ अतुल सचान, क्षेत्रीय प्रबंधक आशीष शुक्ला और जिला प्रभारी विपिन तिवारी ने डॉ. चौहान को आधिकारिक प्रमाण पत्र सौंपकर सम्मानित किया। प्रतिनिधियों ने डॉ. चौहान के समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से वन्यजीव संरक्षण की दिशा में एक नई चेतना जागृत हुई है। डॉ. अमित सिंह चौहान ने पशु चिकित्सा के क्षेत्र में न केवल नवाचार किए, बल्कि पारिस्थितिकी तंत्र को बचाने के लिए कड़े कदम उठाए। उन्होंने पशुओं के उपचार में ऐसी दवाओं के प्रयोग को लेकर जागरूकता फैलाई, जिनका सीधा असर उनके मांस पर पड़ता है। जब गिद्ध ऐसे मृत पशुओं का मांस खाते हैं, तो उन दवाओं के दुष्प्रभाव के कारण उनकी मृत्यु हो जाती है। डॉ. अमित ने वैज्ञानिक .ष्टिकोण अपनाते हुए सुरक्षित दवाओं के उपयोग को बढ़ावा दिया, ताकि गिद्धों के अस्तित्व को बचाया जा सके। औषधि विशेषज्ञ अतुल सचान ने कार्यक्रम के दौरान बताया कि वर्तमान में देश में गिद्धों की आबादी मात्र एक फीसदी रह गई है। इस



गंभीर संकट को देखते हुए राष्ट्रीय स्तर पर संरक्षण की मुहिम चलाई जा रही है। इसी अभियान के तहत देशभर के उन चुनिंदा विशेषज्ञों को सम्मानित किया गया है, जिन्होंने इस दिशा में धरातल पर ठोस कार्य किया है। डॉ. अमित की इस गौरवशाली उपलब्धि पर उनके पिता, जो स्वयं एक विशेषज्ञ पशु चिकित्सक हैं डॉ. आनंद सिंह ने हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बेटे की यह उपलब्धि न केवल परिवार के लिए गर्व की बात है, बल्कि समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारी को और बढ़ाती है।

# ठगी पीड़ितों ने धरनास्थल पर कराया खिचड़ी भोज

## – बैठक कर बड़े आंदोलन की बनाई रणनीति

न्यूज वाणी ब्यूरो



फतेहपुर। ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार से धरनास्थल नहर कालोनी परिसर में शुक्रवार को खिचड़ी भोज का आयोजन किया। जिसमें सभी लोगों ने गरमा गरम खिचड़ी का जहां आनंद उठाया वहीं बैठक करके आगे के बड़े आंदोलन की रणनीति बनाई। बैठक की अध्यक्षता सूरजदीन विश्वकर्मा ने की। बैठक से पूर्व खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार के सदस्य शामिल हुए। सभी ने बैठकर खिचड़ी का लुत्फ उठाया तत्पश्चात बैठक करके मांगों को गिनाया। वक्ताओं ने 36 ठग कंपनियों के निवेशकों ने मिलकर भारत सरकार के बनाए गए कानून अनियमित जमा पाबंदी योजनाएं अधिनियम 2019 (बड्स एक्ट 2019) के तहत भुगतान की मांग तेज की। जिलाधिकारी कार्यालय में जमा हो रहे भुगतान दावा फार्म में कार्यालय द्वारा सही जानकारी न देने से निवेशकों में आक्रोश है, इसलिए आने वाले समय में बड़े आंदोलन की रणनीति बनाई गई। 136 ठग कंपनियों के खिलाफ एफआईआर कराकर ठगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कराकर भुगतान का रास्ता निकालने की बात कही। इस मौके पर राकेश कुमार साहू, अम्बिका प्रसाद, राम औतार, नरेन्द्र कुमार, राम प्रकाश, दीपू कुमार शर्मा, प्रेमलाल गौरी, विनोद कुमार मौर्य, बिन्दा प्रसाद, रामस्वरूप वर्मा, रामसिया, शिवबली प्रसाद, वंशगोपाल आदि मौजूद रहे।

# हैदरगढ़ टोल प्लाजा की घटना पर अधिवक्ताओं में नाराजगी

## – कलेक्ट्रेट में हल्ला बोल कर राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बाराबंकी जिले के हैदरगढ़ टोल प्लाजा पर अधिवक्ता के साथ हुई मारपीट की घटना को लेकर जिले के अधिवक्ताओं में नाराजगी का माहौल देखने को मिला। कलेक्ट्रेट में हल्ला बोल कर राज्यपाल को ज्ञापन भेजकर दोशी टेल कर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने के साथ ही अन्य मांगे रखीं। जिले के अधिवक्ता बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट पहुंचे और जमकर नारेबाजी की तत्पश्चात राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधि ाकारी को सौंपकर बताया कि चौदह जनवरी को एक अधिवक्ता उच्च न्यायालय लखनऊ खण्डपीठ से इलाहाबाद जा रहे थे। तभी हैदरगढ़ टोल



प्लाजा में तैनात गुण्डों द्वारा कहासुनी में बर्बरतापूर्वक जान से मारने की नियत से हमला किया गया। जिससे पूरे अधिवक्ता समाज में विरोध व रोष व्याप्त है। ऐसे गुण्डे प्रवृत्ति के लागों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई व दर्ज मुकदमे में नामित अभियुक्त व अज्ञात अभियुक्तों में बचे अभियुक्तों को अविलम्ब गिरतार कर जेल भेजा जाए। स्पीडीट्रायल हेतु शासन द्वारा कमेटी नियुक्त की जाए। हैदरगढ़ टोल प्लाजा अविलम्ब निरस्त किया जाए। फतेहपुर जिले के दोनों टोल प्लाजा पर अधिवक्ताओं का आईडी कार्ड दिखाने पर टोल न लिया जाए। अविलम्ब संज्ञान लेकर सुनिश्चित कार्रवाई हेतु दिशा–निर्देश दिए जाएं। इस मौके पर शाश्वत गर्ग, संदीप त्रिपाठी, रितिक पाल, मुलामय यादव, अर्जुन सिंह, नितिन त्रिपाठी, अनुग्रह प्रताप सिंह, शुभम श्रीवास्तव, पुनीत श्रीवास्तव, अमन शुक्ला, सिद्धार्थ पटेल, करन चौधरी, अभय सिंह, शुभम सिंह, सुंदरम शुक्ला, सिद्धार्थ, फैजान अहमद, आदित्य शर्मा, धीरेन्द्र मौर्य, अभय चौहान, अनुज विश्वकर्मा, पुनीत श्रीवास्तव, विभव परिहार, विशाल सिंह, इन्द्रजीत यादव, सुनील यादव सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# कलेक्ट्रेट में समरसता खिचड़ी भोज का हुआ आयोजन

## – अधिवक्ताओं ने दिया आपसी भाईचारे का संदेश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। मकर संक्रांति के पावन पर्व के उपलक्ष्य में कलेक्ट्रेट कंपाउंड में समरसता अधिवक्ता खिचड़ी भोज का भव्य आयोजन किया गया। वरिष्ठ अधिवक्ता सुधीर सिंह के सौजन्य से आयोजित कार्यक्रम में कलेक्ट्रेट और दीवानी न्यायालय के सैकड़ों अधिवक्ताओं ने हिस्सा लिया और एक–दूसरे को पर्व की बधाई दी।



इस आयोजन को जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष गया प्रसाद दुबे एडवोकेट, महामंत्री जितेन्द्र सिंह गौतम एडवोकेट और वरिष्ठ अधिवक्ता लक्ष्मीकांत अवस्थी की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न कराया गया। बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज और संगठन में एकजुटता का संचार करते हैं। आयोजन का मुख्य उद्देश्य अधिवक्ता साथियों के बीच आपसी भाईचारा, प्रेम और सौहार्द को बढ़ावा देना था। कलेक्ट्रेट और दीवानी के समस्त अधिवक्ता एक ही पंडाल के नीचे एकत्रित हुए, जहाँ सभी ने साथ मिलकर खिचड़ी का लुत्फ उठाया। इस दौरान पूरा परिसर उत्सव के माहौल में डूबा नजर आया और अधिवक्ताओं ने एक–दूसरे को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए समाज में समरसता का संदेश प्रसारित किया। इस मौके पर अधि ावक्ताओं में अमित कुमार दुबे, विवेक कुमार दुबे, विभव परिहार, अभिषेक प्रताप सिंह, रूपेशकांत अवस्थी, एसपी सिंह मौजूद रहे।

# डीएम ने फार्मर रजिस्ट्री के प्रचार वाहन को झण्डी दिखा किया रवाना

## - दस फरवरी तक सभी विकास खण्डों के राजस्व ग्रामों में भ्रमण करेगा वाहन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। एग्रीस्टेक (डिजिटल



एग्रीकल्चर) योजना के अंतर्गत .षकों की फार्मर रजिस्ट्री बनाए जाने के संबंध में शुक्रवार को जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर से जनपद के समस्त तेरह विकास खण्डों में फार्मर रजिस्ट्री बनाए जाने और इसके लाभ की जानकारी देने हेतु प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

प्रचार वाहन शुक्रवार से दस फरवरी तक प्रतिदिन समस्त विकास खंडों के राजस्व ग्रामों में भ्रमण करते हुए जनपद के .षकों को फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनवाना क्यों जरूरी है के बारे में जानकारी प्रदान करेंगे। जिन .षकों ने अभी तक अपनी फार्मर आईडी नहीं बनवाई है तो यह उनके लिए यह महत्वपूर्ण हो सकता है। फार्मर आईडी नहीं होने से .षकों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना एवं अन्य कई सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ नहीं मिलेगा। फार्मर आईडी न होने से पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत मिलने वाली किश्त प्राप्त नहीं होगी। .षि विभाग की अन्य योजना .षि यंत्रीकरण पर अनुदान एवं खाद बीज पर अनुदान का लाभ प्राप्त नही होगा। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना फसल खराब होने पर मुआवजा नहीं मिलेगा। न्यूनतम समर्थन मूल्य फसलों की आसान बिक्री नहीं हो पाएगी। .षि अनुदान और सहायता आपको सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ नहीं मिलेगा। मिट्टी और फसल परामर्श सेवाओं का लाभ नहीं मिलेगा। भविष्य की जन कल्याणकारी योजनाओं व सेवाओं का लाभ नहीं मिलेगा। प्रचार वाहन .षकों को फार्मर रजिस्ट्री के संबंध में जानकारी देते हुए जनपद के समस्त राजस्व ग्रामों में प्रचार प्रसार करते हुए कृषकों को जागरूक करेंगे। हरी झंडी दिखाते समय .षि रक्षा अधिकारी रंजीत चौरसिया, सहायक विकास अधिकारी अशोक यादव, विषय वस्तु विशेषज्ञ सदर दयानंद, विषय वस्तु विशेषज्ञ बिन्दकी प्रवीण के अलावा अन्य कार्मिक व .षक मौजूद रहे।

bu I/V&

## फार्मर रजिस्ट्री कैसे कराएं

कृषक फार्मर रजिस्ट्री हेतु आवश्यक दस्तावोज आधार कार्ड, खतौनी एवं आधार से लिंक मोबाइल नंबर के साथ जनदीकी जनसेवा केन्द्र/सहायक ऐप, सेल्फ ऐप, कृषि विभाग, राजस्व विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारियों से सम्पर्क कर अपनी फार्मर रजिस्ट्री तैयार करा सकते है। किसी भी प्रकार की असुविधा व समस्या होने पर हेल्पडेस्क फॉर्मर रजिस्ट्री फतेहपुर के मोबाइल नं0 7839882347 पर सम्पर्क कर सकते हैं। जिले में 371253 .षकों की फार्मर रजिस्ट्री की जानी है। जिसके सापेक्ष 256000 .षकों की फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनाई जा चुकी है। शेष 115000 कृषकों की फार्मर रजिस्ट्री बनना शेष है।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )